* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 142

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# देश में सीएए लागू

- केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, पोर्टल के जरिये होगा आवेदन
- तीन देशों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी भारत की नागरिकता



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को इससे संबंधित नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत शरणार्थियों को देश की नागरिकता मिल सकेगी।

सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिये आवेदन किये जायेंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आये गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो गये हैं। इन छह समुदायों में हिंदू, इसाइ, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गयी थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम लागू करने को लेकर पहले ही यह बात कह चुके थे कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले तीन मुल्कों के छह गैर मुस्लिम प्रवासी समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता मिलने की राह प्रशस्त हो जायेगी। कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गयी थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने और लागू कराने के लिए छह महीने का विस्तार मिला था।

## मुख्यमंत्री ने दी झारखंड के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात

# बच्चों के करियर को उड़ान देगी सरकार: चंपाई सोरेन

- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ
- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में नवनिर्मित 3-डी थिएटर का भी किया उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड के गरीब बच्चे-बच्चियों को पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी है। बच्चे अपना भविष्य संवारने की दिशा में आगे बढ़ें, सरकार आर्थिक मदद करने को तैयार है। वह सोमवार को राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। समारोह में सीएम ने विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब आप और आपकी पढ़ाई के बीच आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने देंगे। आपके करियर को सरकार उड़ान देगी।

**शिक्षा का बेहतर वातावरण कर रहे तैयार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिले, इसके लिए कई योजनाएं चल रही हैं। जब तक यहां के बच्चे पढ़-लिखकर अच्छा मुकाम हासिल नहीं करेंगे, तब तक इस राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

**बच्चों को उच्च शिक्षा देकर मुख्य धारा में लाने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब प्रदेश है। यहां के आदिवासी, मूलवासी परिवारों के बच्चे आर्थिक कठिनाइयों की वजह से उच्च शिक्षा पाने से वंचित हो जाते हैं। ऐसे में इन गरीब आदिवासी, मूलवासी बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने राज्य के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रहे हैं।

**बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गरीब बच्चों ने अपने भविष्य को लेकर जो सपना देखा है, उसे पूरा करने की दिशा में सरकार उनके साथ खड़ी है। जो बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और लॉयर आदि बनने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन पैसे की तंगी व्यवधान पैदा कर रहा है, वैसे बच्चों को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी, ताकि वे पढ़-लिख कर एक अच्छा मुकाम हासिल करें और राज्य के साथ अपने परिवार तथा समाज को सशक्त बनाने में अहम योगदान कर सकें।

**नहीं रखनी होगी कुछ गिरवी, सरकार बनेगी गारंटर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ भी गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें आर्थिक मदद के लिए गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार गारंटर बनेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मिलेगा। इसमें आपको सरकार की ओर से कई रियायतें भी मिलेंगी। मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को डिप्लोमा स्तरीय कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये और बीटेक कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

**बच्चों को दे रहे हैं फ्री कोचिंग, रहने-खाने का भी खर्च :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्स को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग करने के साथ रहने खाने का भी खर्च सरकार वहन कर रही है। वहीं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा और उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समारोह की खासियतें

- 12 सौ विद्यार्थियों को मिला गुरुजी क्रेडिट कार्ड, नौ सौ छात्राओं को मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ।
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के पोर्टल की हुई लांचिंग।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद के नये वेब पोर्टल का शुभारंभ।
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग का सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक धनबाद और एचडीएफसी बैंक के साथ हुआ एमओयू।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद और राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के मध्य हुआ एमओओयू।

# चुनावी बांड को ब्योरा आज देने का आदेश

- सुप्रीम कोर्ट में भारतीय स्टेट बैंक की याचिका खारिज
- ऐसा नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड के मामले में सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को उसने भारतीय स्टेट बैंक को आदेश दिया कि वह चुनावी बांड से जुड़ा ब्योरा 12 मार्च की शाम तक चुनाव आयोग को दे। चुनाव आयोग इस ब्योरे को 15 मार्च तक सार्वजनिक करे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने जानकारी देने के लिए समय विस्तार की मांग करनेवाली एसबीआइ की याचिका को भी खारिज कर दिया। पांच सदस्यीय बेंच ने सोमवार को अदालत ने बैंक को चेतावनी दी कि अगर कल तक जानकारी नहीं दी गयी, तो अवमानना की कार्यवाही की जायेगी। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवइ, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। बैंक तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने कोर्ट को बताया कि बैंक को जानकारी जुटाने के लिए और समय की जरूरत है।

बता दें कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को चुनावी बांड को रद्द कर दिया था। चुनावी बांड संबंधी सभी विवरण छह मार्च तक चुनाव आयोग के पास नहीं जमा करने पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने भारतीय स्टेट बैंक के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी।

## न्यूज रील्स

### चांद नजर आया रमजान आज से

रांची (आजाद सिपाही)। दारूल कजा इमारत शरिया के काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कहा कि शबानुल मोअज्जम 1445 हिजरी की 29 तारीख और सोमवार 11 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने का चांद रांची और झारखंड समेत देश के विभिन्न स्थानों में आम तौर पर नजर आया है। इसलिए 12 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने की पहली तारीख है। उन्होंने कहा कि यह फैसला मरकजी दारूल कजा इमारत शरिया फुलवारी शरीफ पटना का है।

### अग्नि-5 का सफल परीक्षण, पीएम मोदी ने दी बधाई

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों ने सोमवार को अग्नि-5 मिसाइल का पहला फ्लाइट टेस्ट किया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्नि-5 मिसाइल के टेस्ट परीक्षण को लेकर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया, मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों पर हमें गर्व है, जिन्होंने स्वदेशी अग्नि-5 मिसाइल के पहले फ्लाइट टेस्ट किया।

### ज्ञानवापी के बाद अब धार भोजशाला का सर्वे होगा

इंदौर। ज्ञानवापी की तर्ज पर मध्यप्रदेश हाइकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दे दिये हैं। इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआइ) को पांच विशेषज्ञों की टीम बनाने को कहा है। छह सप्ताह में इस टीम को अपनी रिपोर्ट बनाकर सौंपनी होगी। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मामले को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने आदेश की कॉपी के साथ लिखा है कि मध्य प्रदेश में भोजशाला/धार के एएसआइ सर्वेक्षण के लिए मेरे अनुरोध को इंदौर उच्च न्यायालय ने अनुमति दे दी है।

### करंट से बस में लगी आग, पांच की मौत

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बस में लगी आग के बाद अभी तक पांच शव बाहर निकाले गये हैं। कई लोग झुलस गये हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की शिकार हुई बस बरातियों से भरी थी, जिसमें कुल 38 बाराती सवार थे। सूचना पाकर मौके पर मोबाइल फोरेंसिक टीम भी पड़ताल के लिए पहुंच गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दर्जन भर लोग झुलसे हुए हैं। दो लोगों की हालत गंभीर है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि यह हादसा बस के एचटी लाइन के संपर्क में आने से हुआ। बस में करंट के कारण आग लग गयी और लोगों की मौत हो गयी।

# पीएम मोदी ने किया द्वारका एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

- मोदी ने 114 एनएच परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के गुरुग्राम से देशवासियों को विकास की नयी सौगात दी। उन्होंने 16 राज्यों को कुल 114 सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। एक लाख करोड़ से अधिक की लागत की 114 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को राष्ट्र को समर्पित किया। द्वारका एक्सप्रेस-वे से दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात को बेहतर बनाने और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस दौरान पीएम मोदी ने एक रोड शो भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 43 किलोमीटर लंबे शामली-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग और भिवानी-हांसी रोड के विस्तारीकरण की आधारशिला रखी। पीएम मोदी के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर, छोटा सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटती रहती थीं।

# पीएम नरेंद्र मोदी आज देंगे रांची वाराणसी वंदे भारत की सौगात

- दिल्ली से हरी झंडी दिखायेंगे पीएम मोदी
- गवर्नर सीपी राधाकृष्णन रांची स्टेशन पर रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर मंगलवार को रवाना करेंगे। वह रेलवे की 85 हजार करोड़ की योजनाओं को देश को समर्पित करेंगे। इसी क्रम में रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी जायेगी। रांची रेलवे स्टेशन पर इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णा ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार देश भर में 10 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी जायेगी। रेलवे की ओर से इसके लिए समय सारणी जारी कर दी गयी है। इसके अनुसार रांची-वाराणसी वंदे भारत गुरुवार को नहीं चलेगी।



### डीआरएमसीएम से मिले, किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को समारोह में आमंत्रित करने के लिए रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को उनसे मुलाकात की और आमंत्रण पत्र सौंप कर समारोह में शामिल होने का आग्रह किया।

# प्रदीप वर्मा और सरफराज अहमद ने भरा नामांकन

- राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव 21 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो सीटों पर 21 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का सोमवार को आखिरी दिन था। आखिरी दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें एनडीए प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा और महागठबंधन प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद शामिल हैं। दोनों ने विधानसभा पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया। डॉ वर्मा के नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के विधायक लंबोदर महतो, एनसीपी विधायक कमलेश सिंह और भाजपा विधायक सीपी सिंह मौजूद रहे।


डॉ अहमद के नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और माले विधायक विनोद सिंह शामिल हुए। 13 मार्च को स्क्रूटनी होगी और 14 मार्च दोपहर तीन बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।





### झारखंड की सेवा का मौका: प्रदीप वर्मा

नामांकन दाखिल करने के बाद प्रदीप वर्मा ने भाजपा आलाकमान और वहां पर मौजूद तमाम भाजपा के विधायकों शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह मोदी का काल है। यहां कोई गड़बड़ी नहीं होगी। भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, इसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते है। जिस तरह से एक मां अपने संतान का ख्याल रखती है, वैसे ही पार्टी भी कार्यकर्ताओं का ख्याल रखती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,600 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में भी डगमगाने लगी है इंडी गठबंधन की नाव

## ■ बंगाल में टीएमसी के बाद अब झारखंड में भाकपा ने दिया करारा झटका
## ■ कांग्रेस के बदले रवैये से झामुमो भी खुद को महसूस कर रहा है असहज
## ■ राजद ने राज्य की दो सीटों पर दावेदारी कर बढ़ा दिया है गठबंधन का टेंशन

**लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए पूरे तामझाम से बना 38 दलों का इंडी अलायंस मैदान में उतरने से पहले ही पराजित जैसा दिख रहा है। गठबंधन के प्रमुख घटक, तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में सभी 42 संसदीय सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर साफ कर दिया है कि वहां इंडी अलायंस का कोई अस्तित्व नहीं बचा है। जिस समय कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान से ममता की पार्टी के प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो रहा था, लगभग उसी समय रांची में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य इकाई कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी अलायंस से बाहर निकलने का फैसला कर रही थी। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह राज्य की आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इस एलान के बाद झारखंड की राजनीति में हलचल पैदा होना स्वाभाविक था और वह हुआ भी। दरअसल, झारखंड में इंडी अलायंस के भीतर शुरू से ही सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। कांग्रेस जहां उम्मीदवारों की कमी के बावजूद राज्य की नौ सीटों पर दावा कर रही है, वहीं झामुमो सात से आठ सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहा है। राजद भी दो सीटों पर दावा कर रहा है, तो माकपा भी सीट मांग रही है। इन दावों-प्रतिदावों के बीच अब एक बात साफ नजर आने लगी है कि इंडी अलायंस के भीतर कांग्रेस के बदले रवैये से झामुमो और राजद असहज महसूस करने लगे हैं। झारखंड में क्या है विपक्षी गठबंधन का भविष्य और आगे क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने जैसे ही पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों की सूची जारी की, वैसे ही कांग्रेस और इंडी अलायंस को तगड़ा झटका लगा। अब ऐसा ही एक और झटका इस अलायंस को झारखंड में भी लगा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड में गठबंधन से अलग होने का ऐलान करते हुए कहा कि वह राज्य की 14 लोकसभा सीट में से आठ पर अकेले चुनाव लड़ेगी। लोकसभा में भाकपा का झारखंड से कोई सांसद नहीं है। पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि हमने अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन कांग्रेस और महागठबंधन ने अभी तक सीट बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं की है। इसलिए हमने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भाकपा रांची, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गिरिडीह, दुमका और जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। पाठक ने कहा कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा 16 मार्च के बाद की जायेगी।

### झारखंड में शुरू से ही हिचकोले खा रहा है गठबंधन

झारखंड में सत्तारूढ़ तीन पार्टियों, झामुमो, कांग्रेस और राजद की मिली-जुली सरकार चल रही है और ये तीनों दल इंडी अलायंस में शामिल हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर भाकपा के ऐलान के बाद इस अलायंस को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती बन गयी है। झारखंड में इंडी अलायंस में इन तीन दलों के अलावा भाकपा, माकपा और भाकपा माले शामिल हैं। जदयू इस अलायंस से बाहर निकल चुका है। गठबंधन के भीतर शुरू से ही मतभेद की बातें सामने आने लगी थीं। ये मतभेद खास कर सीट शेयरिंग के मुद्दे पर ही हैं।

### सीटों के बंटवारे पर अब तक शुरू नहीं हुई बातचीत

राज्य में सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर ये पार्टियां अब तक बातचीत की मेज पर नहीं पहुंची हैं और न ही कोई तारीख तय हुई है।







इस बीच झारखंड में इंडी अलायंस के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से नयी राजनीतिक परिस्थिति पैदा हो गयी। अब, जबकि चुनाव की घोषणा में कुछ ही दिन बचे हैं, झारखंड में सीट शेयरिंग के बारे में कब बातचीत होगी, कोई बता नहीं रहा है। कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर कांग्रेस विधायक दल और पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करने के अलावा जिलों में समन्वय समितियों की बैठक भी कर रहे हैं, लेकिन कहीं से कोई ठोस परिणाम नहीं निकल रहा है। पार्टी ने झारखंड की 14 में से कम से कम नौ लोकसभा सीटों पर दावेदारी करने का फैसला किया है। कांग्रेस का मानना है कि झामुमो को प्रदेश की सत्ता में अगुवाई सौंपी गयी है और हेमंत सोरेन की लीडरशिप स्वीकार की गयी है, तो बदले में राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की स्वाभाविक तौर पर बड़ी हिस्सेदारी बनती है।

### झामुमो ने सीटों पर ठोंकी दावेदारी

उधर झामुमो ने राज्य की आठ लोकसभा सीटों पर दावेदारी ठोंकी है। पार्टी ने इस दावेदारी के पक्ष में अपनी बात रखी भी है। झामुमो का कहना है कि राज्य में उसका जनाधार गठबंधन के बाकी घटक दलों की तुलना में बड़ा है, इसलिए स्वाभाविक तौर पर कम से कम 60 फीसदी सीटों पर उसका दावा बनता है। इतना ही नहीं, पार्टी का कहना है कि कांग्रेस ने पिछली बार सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें सिंहभूम सीट भी शामिल थी। वहां से कांग्रेस की गीता कोड़ा जीती थीं, जो अब भाजपा में हैं। चूंकि सिंहभूम संसदीय सीट के अंतर्गत आनेवाली सभी विधानसभा क्षेत्रों पर झामुमो का कब्जा है, इसलिए इस सीट पर झामुमो का स्वाभाविक कब्जा बनता है। इसके अलावा खूंटी और लोहरदगा में भी उसकी स्थिति मजबूत है। इसलिए कांग्रेस को ये सीटें झामुमो के लिए छोड़ देनी चाहिए।

### राजद ने चार सीटों पर किया दावा

अलायंस के तीसरे घटक राजद ने पिछली बार पलामू और चतरा सीट पर प्रत्याशी उतारे थे। चतरा में उसका कांग्रेस के साथ दोस्ताना मुकाबला हुआ था। इस बार भी वह इन दो सीटों के साथ कोडरमा और गोड्डा पर भी दावा कर रहा है और कांग्रेस पर दबाव बनाये हुए है। पार्टी की प्रदेश इकाई ने अपनी भावना से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत करा दिया है।

### वाम दलों का हजारीबाग सीट पर दावा

वामपंथी पार्टियों में भाकपा ने राज्य की आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। राज्य की एक सीट हजारीबाग में 2004 में इस पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सांसद रह चुके हैं। इसी तरह भाकपा माले भी राजमहल और कोडरमा पर दावा ठोंक रही है। पार्टी की राज्य कमेटी ने राजमहल सीट पर हर हाल में उम्मीदवार उतारने का प्रस्ताव पास किया है। पार्टी ने यहां तक कहा है कि अगर बंटवारे में यह सीट नहीं मिली, तो पार्टी दोस्ताना संघर्ष के लिए भी तैयार है।

### झारखंड से कांग्रेस को उम्मीद

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि एक गिरिडीह सीट आजसू के खाते में गयी थी, एक राजमहल सीट झामुमो और सिंहभूम की एक सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सात सीटों पर लड़ी थी, जबकि झामुमो ने चार पर, झाविमो ने दो पर और राजद ने एक सीट पर प्रत्याशी दिया था। इसके छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 16 विधायक जीत कर आये थे। उस लिहाज से देखा जाये तो कांग्रेस ऐसी मांग कर सकती है, लेकिन झामुमो ने इस बारे में क्या सोच रखता है, यह तो आने वाला समय तय करेगा। 2019 के लोकसभा का ट्रैक रिकॉर्ड अगर देखा जाये, तो झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर ही बाजी मारी थी। हो सकता है कि यहां कांग्रेस को कम झटका लगे, लेकिन चुनावी परिणाम में उसे झटका लग सकता है।

### बिखरता जा रहा है इंडी अलायंस

इस तरह झारखंड में भी इंडी अलायंस की स्थिति बिखरने जैसी हो गयी है।

हेमंत सोरेन की गैर-मौजूदगी में गठबंधन के घटक दलों को आगे का रास्ता ही दिखायी नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ भाजपा ने उम्मीदवारों के नाम जारी कर प्रचार भी शुरू कर दिया है। ऐसे में एक-एक दिन की देरी इंडी अलायंस पर भारी पड़ रही है, जिसे कांग्रेस को समझना होगा।

---

# झाप्रसे के 11 अधिकारियों का तबादला

**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों के तबादले किये हैं। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार गुमला जिले के बिशुनपुर के अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए गढ़वा जिले के चिनिया का अंचलाधिकारी बनाया गया है।

गढ़वा के चिनिया के अंचलाधिकारी शेखर वर्मा को गुमला के बिशुनपुर का सीओ बनाया गया है। रांची के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी किरण बोदरा को हजारीबाग का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, प्रीति केरकेट्टा को धनबाद का बंदोबस्त पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार अमृता खाखा को रांची का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, शादा नुसरत को हजारीबाग का बंदोबस्त पदाधिकारी, निर्मल सोरेन को धनबाद का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राजेश कुमार को पलामू का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मिथिलेश कुमार चौधरी को दुमका का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मोजाहिद अंसारी को जमशेदपुर का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मधुश्री मिश्रा को लोहरदगा के कुड़ू का अंचल अधिकारी बनाया गया है।

जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है और उनका पदस्थापना कहीं नहीं किया गया है, वह विभाग में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

# सीएम के अधिकारों पर मंत्री हावी: सरयू

**विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक सरयू राय ने एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधा है। स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर उन्होंने सवाल भी दागा है। उनकी मानें तो इस मामले में सीएम चंपाई सोरेन के अधिकारों पर मंत्री हावी हैं। सोशल मीडिया पर सीएम चंपाई सोरेन को पोस्ट करते सरयू राय ने कहा है कि उन्होंने प्रभारी स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति अपने आदेश से कर दी है, जो गलत है। सरकार के विभागीय सचिव या निदेशक की नियुक्ति का अधिकार केवल सीएम को है, मंत्री को नहीं। इस संबंध में स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति से संबंधित लेटर भी उन्होंने पोस्ट किया है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन का एक और मौका

## 15 तक आवेदन, 22 को होगी प्रवेश परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में संचालित 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए अब आवेदन फॉर्म 15 मार्च तक लिया जायेगा। फॉर्म प्राप्त करने की अवधि को बढ़ा दिया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इससे संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।



प्रवेश पत्र 18 से 21 मार्च तक प्राप्त किये जा सकेंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को होगी। प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन 30 मार्च को होगा। एक से सात अप्रैल तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। आठ अप्रैल से उत्कृष्ट विद्यालयों में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जायेगी।

### ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे अभिभावक

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए अभिभावक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। राज्य शिक्षा परियोजना ने उत्कृष्ट विद्यालयों में एडमिशन के लिए वेब पोर्टल भी लांच किया है। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्र और अभिभावक 15 मार्च तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वार्षिक 64वीं अंतर आश्रम वर्गीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे स्थानीय जंगल वॉरफेयर स्कूल के प्राचार्य सह पुलिस उप महानिरीक्षक धनंजय कुमार सिंह। कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन पर प्राचार्य नेतरहाट विद्यालय डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर इनका स्वागत किया गया।



सर्वप्रथम विभिन्न आश्रम वर्गों के प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। शानदार मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि धनंजय कुमार सिंह और प्राचार्य नेतरहाट विद्यालय डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा ली गयी। खेल प्रभारी शिक्षक विधु शेखर देव के द्वारा मुख्य अतिथि को बैच एवं टोपी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर पूरे विद्यालय में काफी हर्ष है।

# एयरपोर्ट कंट्रोलर की हत्या में अमन को 10 साल की कैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की हत्या मामले में अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने दोषी करार अमन चंद्र को 10 साल कैद की सजा सुनायी है। साथी उसे पर 25000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दरअसल, कार बैक करने की मामूली विवाद में रांची एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की हत्या कर दी गयी थी। हत्या की घटना 28 मई 2022 की है, जब सोनू मरांडी अपनी कार से घर लौट रहा था। उसी दौरान चार पहिया वाहन सवार हजारीबाग निवासी अमन चंद्र की कार से उसका आमना-सामना हो गया था। इसी दौरान कार बैक करने को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। आरोपी ने गाली गलौज करते हुए सोनू मरांडी को लात घूंसो से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और वहां से फरार हो गया था। रांची एयरपोर्ट के बीच सड़क पर अचेत पड़े सोनू मरांडी के परिजन सूचना पाकर वहां पहुंचे और घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान 31 मई 2022 को सोनू मरांडी की मौत हो गयी थी। रांची एयरपोर्ट थाना की पुलिस 3 जून 2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# इजहार के खिलाफ आरोप पत्र दायर करेगी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा कोयले की कालाबाजारी और मनी लाउंड्रिग के आरोप में इजहार अंसारी के खिलाफ इसी सप्ताह आरोप पत्र दायर किया जायेगा। इडी ने 16 जनवरी को हजारीबाग स्थित उसके ठिकानों पर छापा मार कर उसे गिरफ्तार किया था। इडी ने रामगढ़ थाने में कोयले की हेराफेरी मामले में दर्ज प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज किया था। प्राथमिकी में इजहार व अन्य पर कोल लिंकेज निर्धारित स्थान के बदले बनारस की मंडी में ले जाकर बेचने का आरोप लगाया गया था। इडी ने इसीआइआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच की। इसमें पाया गया कि इजहार ने 12 कंपनियां बनायी थीं। इन कंपनियों को लिंकेज कोल आवंटित किया गया था। लेकिन सरकार द्वारा एमएसएमइ को दी गयी इस सुविधा का गलत इस्तेमाल किया गया। सरकार द्वारा बाजार से काफी कम मूल्य पर उद्योगों के नाम पर आवंटित कोयले की कालाबाजारी की गयी और इससे हुई काली कमाई से संपत्ति अर्जित की गयी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.01 बजे |



दी बधाई : मुख्यमंत्री से महिला बाल विकास की कर्मियों ने ढोल-नगाड़े के साथ की मुलाकात, जताया आभार

# महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्धः चंपाई

**मजबूत परिवार, समाज, राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कैबिनेट द्वारा महिला कर्मियों को नवजात की देखभाल के लिए 730 दिनों का मातृत्व अवकाश देने के निर्णय को लेकर महिला कर्मियों के बीच हर्ष का वातावरण है। इसी सिलसिले में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सैकड़ों महिला कर्मियों ने ढोल- नगाड़े और अबीर- गुलाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार, समाज राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। यही वजह है कि उनकी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसी कड़ी में सेवा दे रही महिला कर्मियों के हित में सेवाकाल में बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्षों का अवकाश देने का फैसला लिया है। इससे निश्चित तौर पर महिला कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के विकास में भागीदार बनेंगी।

महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की महिला कर्मियों ने मुख्यमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि सरकार महिला पदाधिकारी और कर्मियों के हित में लगातार निर्णय ले रही है। हमारी मांगों को लेकर सरकार का रवैया हमेशा से सकारात्मक देखने को मिल रहा है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ अन्य लाभ और सुविधाएं देने की मांग को इस सरकार ने पूरा कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। हम सभी आपको भरोसा दिलाते हैं कि राज्य को बेहतर बनाने में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते आये हैं और आगे भी करते रहेंगे।

इस अवसर पर महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सहायक निदेशक कंचन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार अलका हेंब्रम और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलिशा कुमारी समेत अन्य मौजूद थीं।

## सीएम से मिला ताइक्वांडो फेडरेशन का शिष्टमंडल, मांगा सहयोग



रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि राजधानी रांची के खेलगांव में इस वर्ष 5 जून से 10 जून तक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स सेमिनार कोर्स का आयोजन होना है। भारत को इसकी पहली बार मेजबानी मिली है और रांची में इसके आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इसके सफल आयोजन को लेकर झारखंड सरकार भागीदार बने। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में वर्ल्ड ताइक्वांडो मास्टर्स यूनियन के फाउंडर प्रेसिडेंट ग्रैंड मास्टर की हांग किम, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट फिरोज अहमद, जेनरल सेक्रेटरी प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के संजय शर्मा, ग्रैंड मास्टर- मुंबई परवेज खान, ग्रैंडमास्टर- दिल्ली अनिल ठाकुर, ग्रैंडमास्टर- ओडिशा मनमोहन भांजा और ग्रैंड मास्टर- कर्नाटक तिरुमल शामिल थे।

## अफीम के कारोबार को खत्म करने की जानकारी सीएम को दी



रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया -पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल हितेश गोदारा ने मुलाकात की। उन्होंने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार और अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए की जा रही कार्रवाई से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है। हमारा प्रयास मादक पदार्थों की तस्करी, कारोबार को रोकने के साथ अफीम आदि के उत्पादन को हर हाल में नष्ट करना है । इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया -झारखंड- बिहार के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद और रांची एनसीबी के सुपरिटेंडेंट एस शारिक उमर मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** — धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** — माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** — पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा, विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** — विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** — नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **वृश्चिक** — पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।
- **धनु** — आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** — विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **मीन** — विना-विचारें कोई काम न करें, चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# कोर्ट की सुरक्षा की खामियों को तुरंत करें दूरः डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा की खामियों को तुरंत दूर करने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है। डीजीपी ने सोमवार को समीक्षा बैठक के दौरान उक्त बातें कहीं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सुरक्षा की खामियों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के क्रम में डीजीपी ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया।

# गठबंधन की सरकार छात्र-युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है : बाबूलाल

**परिवारवादी पार्टियों से लोगों का हो रहा मोहभंग**

**मिलन समारोह में कइयों ने थामा भाजपा का दामन**

**जेएसएससी की परीक्षा में 35 से 50 लाख तक बिके प्रश्न पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की सरकार छात्र-युवाओं का भविष्य कर रही है। आलम यह है कि जेएसएससी की परीक्षा का प्रश्नपत्र 35 से 50 लाख रुपये तक में बेचे गये। आजकल परिवारवादी पार्टी से आम जनता का मोहभंग हो रहा है। बाबूलाल सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान झामुमो और कांग्रेस के कई कार्यकर्ता- नेता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बाबूलाल ने कहा कि यह सरकार सिर्फ बच्चों, नौजवानों का भविष्य ही नहीं, झारखंड का भी भविष्य बर्बाद करने में लगी है। पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आयी थी, लेकिन हेमंत सरकार मानने को तैयार नहीं थी, लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया, तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। कहा कि आज झारखंड में जिनकी सरकार है, उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों और कार्य संस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं, तो वहीं दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है। उनका सिर्फ एक ही मकसद है कैसे अपने परिवार को बचायें और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करें और इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है मोदी को हटाओ। राज्य में झामुमो-कांग्रेस का स्वार्थी गठबंधन सरकार की अकर्मण्यता और विकास विरोधी मानसिकता से कांग्रेस जनता के मन से उतरने लगी है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, भूपेंद्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

# चुनावी बांड का भेद 15 तक खुल जायेगाः धर्मेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को देश के बड़े वित्तीय संस्थान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गुमराह कर रहा था और चुनावी बांड के डिटेल देने के लिए जून तक का समय मांग रहा था। किसने चुनावी बांड खरीदा, किसने राजनीतिक पार्टियों को सहयोग किया, सारा भेद 15 मार्च तक खुल जायेगा। जब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पूरा प्रकरण आ जायेगा। सरकार का कोई बड़ा खेल जनता के समक्ष आयेगा।

# संत जेवियर्स कॉलेज में इंटीरियर डिजाइन पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के डिपार्टमेंट ऑफ एनीमेशन और इंटीरियर डिजाइन, आइक्यूएसी और स्टूडियो मेदुस्सा ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए 'लेटेस्ट ट्रेंड्स ऑन इंटीरियर डिजाइन' विषय पर सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्टूडियो मेदुस्सा की फाउंडर कोमल गुप्ता और तलत आजमी बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। \

उन्होंने विद्यार्थियों को इंटीरियर डिजाइन से जुड़े बारीकियों को साझा करते हुए वर्तमान दौर में कैसी सामग्री उपयोग में लायी जा सकती है और कैसे बाजार में अपने आप स्थापित किया जा सकता है, उसके बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रांची और राज्य के दूसरे बड़े शहर इंटीरियर डिजाइन के लिए उभरता बाजार है और अपार संभावनाएं हैं।

कोमल गुप्ता और तलत आजमी कॉलेज के पूर्व छात्र रह चुके हैं और उनका कॉलेज परिसर आना एक सुखद अनुभव था। मौके पर उप-प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने कहा कि एनीमेशन और इंटीरियर डिजाइन जैसे नये व्यावसायिक विषयों पर राज्य के विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए कॉलेज सतत प्रयत्नशील है। कॉलेज के पास इन विषयों के लिए उत्कृष्ट आधारभूत संरचाएं उपलब्ध हैं। सेमिनार में विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कीड़ो, डॉ शिव कुमार, प्राध्यापकगण यामिन उर्फी, अजय अनुकरण तिर्की, सुमित कुल्लू, मो रियाज, आलोक रंजन, संजय मंडल और अन्य उपस्थित थे।


# ग्रामीण कार्य विभाग में 25 इंजीनियरों का ट्रांसफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग में विशेष प्रमंडल के अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। सुनील चंद्रनाथ को रांची में पदस्थापित किया गया है। अवधेश कुमार को ग्रामीण विकास हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल साहिबगंज रमाकांत को स्थानांतरित करते हुए विशेष अंचल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विजय कुमार राय को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गढ़वा राजू मरांडी को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल बोकारो, राजीव कुमार को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गोड्डा, महादेव उरांव को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गुमला, श्रीधर शंभू रजक को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल जमशेदपुर, राधा कृष्ण मुरारी को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल कोडरमा, राम पुकार राम को ग्रामीण विकास विशेष मंडल पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। सुरेश पासवान को कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल लोहरदगा में पदस्थापित किया गया है। वही इतवारी मंडल को कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल गोड्डा के पद पर स्थापित किया गया है।

# एबीवीपी ने रांची विवि में की तालाबंदी



**कुलपति और कुलसचिव अपने कार्यों को छोड़कर टेंडर बेचने में व्यस्त हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रांची विश्वविद्यालय में सोमवार को तालाबंदी की। इस दौरान विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रथम कार्य है प्रवेश, परीक्षा और परिणाम पर कार्य करना लेकिन कुलपति और कुलसचिव अपने कार्यों को छोड़कर टेंडर बेचने में व्यस्त हैं। परीक्षा और नामांकन के कार्य के लिए प्राइवेट एजेंसी को रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि आये दिन एजेंसी प्रवेश पत्र और रिजल्ट में त्रुटियां करती जा रही है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन एजेंसी को संरक्षण दे रही है। मौके पर महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव, सौरभ कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

हमारी सुनो : जो सरकार मांग पूरी करेगी, उसे वोट देंगेः संघ

# सहियाओं का राजभवन के सामने प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य की हजारों स्वास्थ्य सहिया पांच सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष प्रदर्शन कर रही हैं। रैली में शामिल सभी सहिया मोदी सरकार हाय हाय, होश में आओ, झारखंड सरकार होश में आओ का नारा लगा रही थीं। साथ ही प्रदर्शन कर रही सहियाओं ने कहा कि राजनीति दल के लोग सहिया की भीड़ जुटाकर वोट मांगते हैं, लेकिन अब ऐसा होने नहीं होने देंगे। जो सरकार हमारी मांग पूरी करेगी उसे ही वोट देंगे।

बोकारो जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य सहिया ललिता देवी ने कहा कि राज्य में 42 हजार स्वास्थ्य सहिया है। जो लोगों की जान बचाने का काम करते हैं। इतना ही नहीं गर्भवती महिलाओं की देखभाल भी करती हैं। उसके बदले में सिर्फ 2 हजार प्रोत्साहन राशि दी जी रही है।

### सहिया की प्रमुख मांगें

- प्रोत्साहन राशि के बदले 18 हजार फिक्स वेतन दिया जाये
- स्वास्थ्य सहिया नियमावली बनाकर विधानसभा से पारित कराया जाये
- आकस्मिक निधन होने पर 5 लाख दिया जाये
- सभी संहियाओं को एएनएम का प्रशिक्षण दिया जाये

# मांस के लिए जानवर काट कर खुलेआम लटकाने पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

रांची (आजाद सिपाही)। श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया। इसमें रांची और झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से जानवरों के काटे जाने, सड़क के किनारे जानवरों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा गया कि मांस की दुकानों में जानवरों के शवों को काले शीशे के दरवाजे और पर्दे से ढंके जाने पर जो रेगुलेशन है, उसे लागू करने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने खंडपीठ के समक्ष पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी।







# मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन से होटवार जेल में की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से होटवार जेल में मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे तक बातचीत हुई। हालांकि इस दौरान दोनों के बीच क्या बात हुई, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। जमीन खरीद-बिक्री मामले में इडी ने बीते 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तार किया था, जिसके बाद विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने की दावेदारी पेश की थी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

# सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला, कार्रवाई का आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मांगों को लेकर झारखंड सचिवालय सेवा संघ द्वारा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की गयी। मुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों से हमारे मुद्दों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, पीयूष कुमार, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, नेहा श्वेता इंदुवार, निधि टोपनो समेत अन्य शामिल थे।

# लापता बच्ची की हुई सकुशल बरामदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के एक तीन साल की बच्ची के स्कूल से अचानक लापता होने की सूचना सोमवार को पुलिस को मिली। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि संत गेब्रियन मोनिका स्कूल में पढ़ने वाली राजनंदिनी कुमारी स्कूल आने के क्रम में भटक गयी थी। परिजनों ने बच्ची के लातपा होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की । जांच के क्रम में पता चला कि बच्ची स्कूल नहीं पहुंची है। वह रास्ते में ही भटक गयी थी उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# अधिवक्ता के घर ताला तोड़कर 21 लाख रुपये के जेवरात की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर 21 लाख के समान की चोरी कर ली गयी। यह घटना रविवार की देर रात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मरियातू, चंदघासी में हुई। जहां हाइकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर दो से तीन लाख रुपये नकद और करीब 21 लाख रुपये के सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर ली गयी। इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह अधिवक्ता को हुई, जिसके बाद इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



## रांची में घरों की रेकी कर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी की सदर थाना पुलिस ने घरों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम गंभीर कुमार बताया गया है। वह बोकारो के गोमिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपित के पास से रेकी में उपयोग किये गये हीरो ग्लैमर बाइक और चोरी का एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मरुहूम टोली स्थित एक घर में चोरी करते समय गंभीर कुमार को पकड़ा। आरोपित ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह घरों की रेकी कर बाहर के गिरोह को इसकी सूचना देकर चोरीए लूट और डकैती करवाता था। पुलिस की टीम में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, दीपक राणा, प्रभुवन कुमार सहित सदर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# मोरहाबादी वीमेन रॉक ग्रुप ने मनाया पूर्व होली उत्सव





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** न्यू मोरहाबादी मोहल्ला के राजश्री एन्क्लेव की किरण सिंह की ओर से वीमेन रॉक ग्रुप ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। किरण सिंह ने बताया कि इस वर्ष की होली महिलाओं के लिए बेहद खास है।

सदस्य रूपम झा, स्मिता शुक्ला, श्यामा सिंह, सुषमा सिंह, आभा पांडेय, अर्चना गुप्ता, सोना मंडल ने कहा कि होली मिलान समारोह में हर्बल फूलों की जमकर होली खेली गयी।

श्रीकृष्ण की लीलाओं पर भावपरक नृत्य भी हुए। साथ में जय श्री राम के उद्घोष भी हुए। उत्सव के लिए तैयार मिठाइयां, खाद्य और पेय पदार्थों को पहले रामलला को निवेदित किया गया।

# अमर कुमार बाउरी ने सीएए लागू होने का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 को देश में लागू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश ने नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 का स्वागत किया है। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने इस बिल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो वादा करती है, उसे जरूर पूरा करती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र में शामिल था। इसे सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही बांग्लादेश, आफगानिस्तान, पाकिस्तान एवं भारत के पड़ोसी देशों में रह रहे हिंदू, सिख, इसाई, बौद्ध, जैन धर्म के लोग जो वर्षों से इन देशों में प्रताड़ित हो रहे थे। यदि वह भारत में वापस आना चाहते हैं। वे भारत की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं 2014 से पहले भारत आ चुके वैसे शरणार्थी को भी अब भारत की नागरिकता मिलना आसान हो गया है। इस अधिनियम के लागू होने से उनकी आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक स्थिति बेहतर होगी। अमर कुमार बाउरी ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के लागू होने से देश में रह रहे खासकर हिंदू दलित जो दूसरे देश में प्रताड़ित हो रहे थे।

# सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने किया फिट इंडिया क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारत सरकार द्वारा प्रायोजित फिट इंडिया क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में कक्षा दसवीं के छात्र मो अम्मार अहमद ने प्रदेश स्तर पर आठवां रैंक जबकि कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष ने 11वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। बता दें कि फिट इंडिया क्विज प्रतियोगिता का संचालन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में किया था। विद्यालय के कार्मिक-प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। वहीं प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के अगले स्तर के लिए शुभकामना दी।

# केंद्र सरकार ने सीएए को लागू करके अपना एक और वादा पूरा किया : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएए के लागू होने से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से पलायन कर भारत आ चुके हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, इसाई और पारसी समुदाय के लोगों को सीधे फायदा मिलेगा। नागरिकता देने के प्रावधान भी इन देशों से आये वहां के इन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिये शिथिल किये गये हैं। अब वह संपत्ति भी खरीदने के हकदार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उन तीनों देशों में रहने वाले वहां के इन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लंबे समय के बाद भारत में अब उनका वाजिब हक मिलेगा। प्रतुल ने कहा कि यह मोदी का न्यू इंडिया है। मोदी की गारंटी हमेशा पूरी होती है। मोदी सरकार जो कहती है, वह करती है। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कांग्रेस की गलतियों को एक-एक कर सुधार रही है।

# लालपुर कैथॉलिक पल्ली में मना महिला दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लालपुर पल्ली के कैथॉलिक महिला संघ ने पल्ली स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन पारिस गिरिजाघर में हुआ। इस सम्मेलन में लालपुर पल्ली की महिलाएं-पल्लीवासी मिस्सा पूजा अनुष्ठान के बाद उपस्थित महिलाओं ने अपने अनुभव और विचारों का आदान-प्रदान किया। मिस्सा का मुख्य अनुष्ठाता संत अलबर्ट कॉलेज के प्रोफेसर फादर प्रफुल थे। कहा कि नारियों के बिना ईश्वर की सृष्टि की संरचना अधूरी है। ईश्वर ने स्त्री और पुरुष को समान बनाया है। महिला के बिना परिवार और समाज अपूर्ण है। हर क्षेत्र के विकास में एक महिला की अहम भूमिका होती है। उन्हें सम्मान और समान अवसर मिलना चाहिए। समारोह की मुख्या अतिथि इनकम टैक्स विभाग की रिटायर कमिश्नर मेरी लोरेटिना लकड़ा ने कहा कि यह हक और बराबरी की लड़ाई का परिणाम है।

# श्री श्याम मित्र मंडल के 108 भक्त खाटू धाम रवाना, 17 किलोमीटर की निशान यात्रा आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रंग रंगीलो फागण श्याम मेला में खाटू नरेश की दरबार में हाजिरी लगाने के लिए श्री श्याम मित्र मंडल के 108 भक्तों का दल अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में हवाइ मार्ग से खाटू धाम राजस्थान के लिए सोमवार को प्रस्थान किया।

हवाइ अड्डे पर मंडल के सदस्यों ने सभी यात्रियों को गुलाब फूल देकर विदा किया। मौके पर खाटू नरेश के जयकारों से परिसर गुंजायमान रहा। रात 11 बजे यात्रियों का दल खाटू पहुंचा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम की अनुपम यात्रा के लिए मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी को यात्रा का संयोजक और राजीव रंजन मित्तल को उप संयोजक मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष सह यात्रा संयोजक सुरेश सरावगी ने बताया कि 12 मार्च को रींगस में भजन संकीर्तन-अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर निशान पूजन की जायेगी। श्याम भक्तगण भजन संकीर्तन करते हुए 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा में पवित्र ध्वज को लहराते हुए चलेंगे और खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर में पवित्र निशानों को श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे। पैदल यात्रा में सभी श्याम भक्त एक तरह की पोशाक और एक रंग का निशान लेकर चलेंगे। 13 मार्च को सभी यात्री देव स्थल सालासर धाम और झुंझुनू के श्री राणी सती मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। 14 मार्च को विश्राम भवन के सभागार में श्री श्याम दरबार सजाया जायेगा। सभी श्याम भक्त 15 मार्च को रांची वापसी के बाद श्री श्याम मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय फाल्गुन उत्सव में सहयोगी बनेंगे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### इक्फाई विश्वविद्यालय में जागरूकता सत्र



रांची (आजाद सिपाही)। इक्फाई विश्वविद्यालय ने महिलाओं में निवेश की प्रगति में तेजी लायें, विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। आमंत्रित विशेष अतिथियों में अधिवक्ता वंदना सिंह मौजूद थीं। कुलपति प्रो डॉ रमन झा ने विचार साझा किये। डीन डॉ शोवोना चौधरी ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। इस बात पर चर्चा की गयी कि लैंगिक समानता सबसे बड़ी मानवाधिकार चुनौती बनी हुई है। महिलाओं में निवेश एक मानवाधिकार अनिवार्यता है और समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है। महिलाओं की प्रगति से हम सभी को लाभ होता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रजेंटेशन में भाग लिया। इक्फाई लॉ स्कूल के सहायक डीन डॉ आलोक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### अभिषेक ने जेइ की परीक्षा में सफलता पायी



रांची (आजाद सिपाही)। अभिषेक कुमार कसौधन ने रेलवे जूनियर इंजीनियर के पद पर रहते हुए जल संसाधन विभाग में जेइ की परीक्षा में सफलता पायी है। वह रांची के रहनेवाले हैं। पिता अरूण कुमार कसौधन हैं। अभिषेक कुमार कसौधन के इस पद को प्राप्त करने पर राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा और महिला महासभा परिवार ने बधाई दी। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कांग्रेस को वैश्य या अल्पसंख्यक समुदाय से ही उम्मीदवार घोषित करना चाहिए : आदित्य



रांची (आजाद सिपाही)। रांची संसदीय क्षेत्र राज्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा वैश्य समाज (कुर्मी, कुशवाहा जाति) और अल्पसंख्यक वोटर हैं। श्री जयसवाल ने वोटर लिस्ट विश्लेषण के आधार पर कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र से मुस्लिम वोटर तीन लाख तीन हजार एक सौ नौ (3,03,109) एवं महतो वोटर दो लाख एकतालिस हजार तीन सौ इक्यासी (2,41,381) अन्य जातियों से सबसे अधिक है। इस विश्लेषण आधार पर रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को वैश्य या अल्पसंख्यक समुदाय से ही उम्मीदवार घोषित करनी चाहिए। क्योंकि विगत 2019 चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को 4,23730 मत प्राप्त हुआ था। वहीं संजय सेठ को 7,06510 मत प्राप्त कर विजयी हुए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में लोकसभा चुनावों का परिणाम देखा जाय तो कुर्मी/महतो समुदाय से रामटहल चौधरी पांच बार रांची का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय व पीके घोष तीन-तीन बार यहां से सांसद बन चुके हैं। वैश्य समाज से शिवप्रसाद साहू दो बार और एक-एक बार अब्दुल इब्राहिम, मीनू मसानी व रवींद्र वर्मा रांची का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। श्री जयसवाल ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की सबसे बड़ी संख्या कुर्मी व कुशवाहा जाति की है। अगर रांची में मतदान का आधार जातीय होता तो कुर्मी जाति के सांसद ज्यादातर बार जीत कर जाते। श्री जयसवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से रांची संसदीय क्षेत्र के जाति समीकरण के आधार पर वैश्य समाज या अल्पसंख्यक समुदाय से कांग्रेस उम्मीदवार घोषित करने की मांग की है। तभी भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सकता है। उक्त बातें कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने कही।

### भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर आज रांची बंद




रांची (आजाद सिपाही)। भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में सोमवार को मशाल जुलूस निकाला गया। यह मसाल जुलूस पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से बाइक रैली एवं जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से मसाल जुलूस निकाला गया। बाइक रैली पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट, हरमू रोड, गाड़ी खाना, अप्पर बाजार, शहीद चौक, गांधी चौक, महावीर चौक, होते हुए जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचने के बाद मसाल जुलूस में तब्दील हो गया। मसाल जुलूस कचहरी रोड से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक मसाल जुलूस निकाला गया। पूरे राजधानी वासियों से अपील किया गया कि मंगलवार को रांची बंद रहेगी। आप नगरवासी शहीद ए आजम भगत सिंह के सम्मान में सुबह से लेकर 1 बजे तक अपनी प्रतिष्ठान, ऑटो, ई रिक्शा, बस, ट्रेन, स्कूल, कॉलेज, सभी बंद रहेगा। सिर्फ जरूरी सुविधा जैसे हॉस्पिटल, एंबुलेंस, एवं 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी को बंद में छूट रहेगी। बाइक रैली और मसाल जुलूस में मुख्य रूप से उमेश साहू, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, वीरेंद्र गोप, योगेश कुमार रॉक, सावन लिंडा, रंजन माथुर, संजय तिवारी, अनुराग तिर्की, मन्नू चौधरी, राहुल गुप्ता, रवि कुमार, मिथिलेश सिंह, अभिषेक बंटी यादव, मोनू विश्वकर्मा, विनय सिंह, अजीत सिंह, प्रीति सिंह जायसवाल बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य कार्यक्रम में मौजूद थे।

### मिलन समारोह में थिरके आदिवासी समाज के लोग




रांची (आजाद सिपाही)। सिंहभूम आदिवासी समाज की ओर से अध्यक्ष विश्वजीत सोय के नेतृत्व में धुर्वा गोल चक्कर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के सामने सरना स्थल में मिलन समारोह 2024 मनाया गया। मिलन समारोह में आदिवासी समाज के लोग मांदर की थाप पर जमकर थिरके और एक-दूसरे को बधाई दी। इस कार्यक्रम में समाज के अन्य लोगों के साथ डीएसपी प्रकाश सोय भी शामिल हुए और समाज के लोगों संग जमकर थिरके। कार्यक्रम को लेकर सिंहभूम आदिवासी समाज के अध्यक्ष विश्वजीत सोय ने कहा कि हमलोग साल में एक बार इस मिलन समारोह का आयोजन करते हैं। यह हमारे समाज का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें समाज के लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। इस आयोजन में परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, खरसावां विधायक दशरथ गागराइ, जगरनाथपुर विधायक सोना राम सिंकू, निरल पूर्ति, चित्रसेन सिंकू, देवेंद्र नाथ चंपिया को निमंत्रण दिया गया था, मगर किसी कारण से ये लोग इस आयोजन में नहीं आ सके।

# अलग दिख रहा एनडीए

आंध्र प्रदेश में बीजेपी, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) का साथ मिल कर चुनाव लड़ने का फैसला अहम है। लोकसभा चुनावों में अपने लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का जो लक्ष्य बीजेपी ने घोषित कर रखा है, उसके मद्देनजर नए सहयोगियों का जुड़ाव तो महत्वपूर्ण है, लेकिन इसकी शर्तें भी कम मायने नहीं रखतीं। बीजेपी की टीडीपी पुरानी सहयोगी रही है। 1996 से लेकर 2018 तक यह एनडीए का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। अब छह साल बाद जब वह वापस लौटी है, तो यह देखना अहम है कि एनडीए के अंदर का शक्ति समीकरण पूरी तरह बदल चुका है। वाजपेयी और आडवाणी की अगुआई में जब एनडीए बना था, तब टीडीपी जैसे सहयोगी दलों के बगैर बीजेपी सरकार नहीं बना सकती थी। यही वजह थी कि इन दलों के दबाव में उसे अपने तीन मूल मुद्दों - राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और कॉमन सिविल कोड - को अस्थायी तौर पर छोड़ने की घोषणा करनी पड़ी थी। आज की स्थिति यह है कि तीन में से दो मांगें पूरी हो चुकी हैं और उत्तराखंड से कॉमन सिविल कोड को लागू करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। जाहिर है, अपने मूल सिद्धांतों पर किसी भी तरह का संकोच दिखाने की बीजेपी को न तो कोई जरूरत है और न उसकी ऐसी कोई मंशा। 2014 में अपने दम पर बहुमत हासिल करने के बाद बीजेपी की एनडीए के सहयोगी दलों पर निर्भरता नहीं रह गयी। जाहिर है सहयोगी दलों को लेकर उसके रुख में भी बुनियादी बदलाव आया। यह खास तौर पर महाराष्ट्र और बिहार में दिखा, जहां वह अलायंस में 'छोटे भाई' से 'बड़े भाई' की भूमिका में आ गयी। लिहाजा शिवसेना और जेडीयू दोनों के नेतृत्व ने एनडीए से बाहर की राह पकड़ ली। अकाली दल जैसे अन्य सहयोगी दल भी उससे अलग हो गये। बदले माहौल में यह प्रक्रिया एक बार फिर रिवर्स मोड लेती नजर आ रही है। न सिर्फ बिहार में जेडीयू फिर से एनडीए का हिस्सा बन चुका है और आंध्र प्रदेश में टीडीपी से गठबंधन हो गया है, बल्कि ओड़िशा में बीजेडी के साथ भी बातचीत चल रही थी। हालांकि अभी बातचीत नहीं बनी। जाहिर है, भाजपा नेतृत्व एक बार फिर सहयोगी दलों की संख्या बढ़ाना जरूरी मान रहा है। टारगेट हासिल करना है, तो बीजेपी को उत्तर के राज्यों में अपनी मजबूत स्थिति बनाये रखते हुए दक्षिण के राज्यों में सांसदों की संख्या बढ़ानी होगी। ऐसे में सहयोगी दलों को साथ लाने की जरूरत है, तो यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा सीटों पर पार्टी खुद लड़े। आखिर 370 सीटों तक पहुंचने के लिए उसे 67 सीटें और जीतनी होंगी। जाहिर है, लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बीजेपी को इस विरोधाभास से भी पार पाना होगा।

**जाहिर है, भाजपा नेतृत्व एक बार फिर सहयोगी दलों की संख्या बढ़ाना जरूरी मान रहा है। टारगेट हासिल करना है, तो बीजेपी को उत्तर के राज्यों में अपनी मजबूत स्थिति बनाये रखते हुए दक्षिण के राज्यों में सांसदों की संख्या बढ़ानी होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गयी प्रगति पर विचार करते हैं।

# महत्वपूर्ण प्रगति: भारत में उच्च शिक्षा के विकास का एक दशक



**प्रो हिमांशु राय**

**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने में कर सकते हैं।**
**-नेल्सन मंडेला**



**परिचय :** भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दर्शाती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विक स्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है, धूप में कमल की तरह खिल रहा है, यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गयी प्रगति पर विचार करते हैं।

**संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरूआत- प्रारंभिक वर्ष (2013-14) :** भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं।

**2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे।**

18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीइआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था, जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था।

यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीइएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते), उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी।

**गति को बनाये रखना : प्रमुख सुधार और पहल (वर्ष 2014-23) :** 2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया।

नये विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वाकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।

एआइएसएचइ वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़ कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीइआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़ कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीइआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़ कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनइपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगायी है। विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरुआत की। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित डिजिटल इंडिया और भारतनेट जैसी पहलों ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है, वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत वर्ष 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही। इस अवधि में 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर और 8.9 मिलियन उद्धरण देखे गये। नवाचार में, वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक पेटेंट फाइलिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**निष्कर्ष :** बीते दशक में, भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र ने केवल वैश्विक प्रवृत्तियों के साथ तालमेल ही नहीं बनाये रखा है, बल्कि अक्सर उनका मार्ग भी प्रशस्त किया है। पर्याप्त नीतिगत सुधारों और उन्नत तकनीकी उपकरणों के एकीकरण के माध्यम से, युवा, गतिशील भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की नए सिरे से कल्पना की गयी है। आंकड़ों में प्रगति स्पष्ट होने के बावजूद, समान पहुंच, गुणवत्ता में सुधार और विविध अनुसंधान क्षेत्रों को बढ़ावा देने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। शैक्षिक परिवर्तन की इस उल्लेखनीय यात्रा को बनाए रखने और इसमें तेजी लाने के लिए निवेश, नीतिगत सुधार और नवाचार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता आवश्यक है।

**(लेखक : आइआइएम इंदौर के निदेशक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एसके बेहरा बने सीआइआइ इस्टर्न रीजनल काउंसिल के चेयरमैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**आदित्यपुर।** सीआईआई पूर्वी क्षेत्र परिषद की एक बैठक कोलकाता में आयोजित की गयी। बैठक में आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शुभेंद्र कुमार बेहरा को वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई के ईस्टर्न रीजन काउंसिल के चेयरमैन के रूप में चुना गया। श्री बेहरा का सीआईआई के साथ लंबे समय से जुड़ाव रहा है। उन्होंने भारत की औद्योगिक प्रगति के लिए समर्पित विभिन्न पदों पर काम किया है। औद्योगिक विकास इंजन को गति देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए श्री बेहरा ने बताया सीआईआई अपनी स्थापना के बाद से लगातार सराहनीय प्रयासों का प्रदर्शन किया है, जिससे भारत के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला। उन्होंने कहा कि सीआईआई हमेशा उद्योग और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में काम किया। महिला विकास के पक्षधर श्री बेहरा ने समानता, स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता पर ध्यान देने के साथ विकसित भारत के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साथी सदस्यों के साथ काम करने के समर्पण पर जोर दिया। श्री बेहरा की प्रतिबद्धता 'विकासित भारत' की व्यापक दृष्टि से मेल खाती है। उन्होंने अपने कार्यकाल में दृष्टि को बनाए रखने में दृढ़ संकल्प की पुष्टि की है। एक हरित कल के लिए ग्रीन एनर्जी पर काम करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। सीआईआई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद को शुभेंद्र कुमार बेहरा के नेतृत्व के प्रति आशान्वित है। विश्वास है उनका लंबा अनुभव सीआईआई, औद्योगिक विकास, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

# मोदी मतलब संकल्प पूरा होने की गारंटी: दिनेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार के द्वारा भारत में नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी होने पर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने निर्णय का स्वागत किया। सोमवार को प्रेस नोट जारी कर दिनेश कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी का मतलब संकल्प पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा भाजपा के निश्चय पत्र का एक प्रमुख संकल्प को देशभर में लागू करने संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई। सीएए कानून पड़ोसी देशों में यातनाएं झेल रहे धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदू, सिख,ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समाज के लोगों को नागरिकता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा यह एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए मोदी सरकार की जितनी भी तारीफ की जाये कम है।

# आदित्यपुर रेलवे ट्रैक से अधेड़ का शव बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** राम मड़ैया बस्ती के समीप रेलवे ट्रैक में एक अधेड़ का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सोमवार को सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जारहा है मृतक के शरीर में कोई वस्त्र नहीं था। शव को देख हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल शव का कोई पहचान नहीं हो सका। पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी है।

# कांग्रेसियों ने लोडशेडिंग में बदलाव की रखी मांग



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। रमजान उल मुबारक का महीना शुरू होने के पूर्व बिजली लोडसेंडिंग में समय का बदलाव के लिए कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल विभाग के जीएम से मुलाकात की। सोमवार को कांग्रेस कमिटी के जिला उपाध्याय सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने एक मांग पत्र सौंपकर समस्या का समाधान के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रमजान उल मुबारक का महीने में अफतार तरावी और शहरी का बहुत ही अहतमाम किया जाता है। शाम 5:30 बजे से लेकर रात 10:30 बजे तक और रात 3:00 से लेकर सुबह 6:00 तक लाइट नहीं काटने की अपील की। मौके पर जीएम सरवन कुमार ने समय पर लाइन नही कटने के आश्वासन दिया। उन्होंने कहा किसी तरह की शटडाउन होने पर जल्द सुधार किया जाएगा। मौके पर रियाजुद्दीन खान,कांग्रेस पार्टी के कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद,कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, हाजी अब्दुल लतीफ, मोहम्मद आदिल खान,मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद नूरजमा, मोहम्मद नवाब सहित अन्य शामिल रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रांची(आजाद सिपाही )। राजधानी में मेकॉन पुल के पास युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना डोरंडा थाना क्षेत्र के मेकॉन सेटेलाइट पुल के पास की है, जहां एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नंदू कुमार झा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जानकारी घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के पास एक पेड़ पर युवक का शव लटकता देखा। इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन से आया और आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# बम निरोधक दस्ते के जवानों के लिए 60 लाख का बीमा

रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड में बम निरोधक दस्ते के जवानों के लिए 60 लाख रुपये का बीमा किया गया है। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने विज्ञापन जारी कर बीमा राशि के भुगतान के लिए इच्छुक बीमा कंपनियों से उनकी अभिव्यक्ति मांगी है। वर्तमान में द न्यू इंडिया इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ झारखंड पुलिस का एक साल के लिए करार है, जिसकी अवधि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। बम निरोधक दस्ते के 59 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने प्रति सदस्य 2950 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया है। यह बीमा नक्सल विरोधी अभियान से अलग है। नक्सल विरोधी अभियान के लिए बीमा पहले से लागू है। पुलिस मुख्यालय ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड के लिए योजना बनायी थी। मुख्यालय का तर्क है कि बम निरोधक दस्ते को नक्सल अभियान के अलावा भी आकस्मिक बम जांच, आइइडी जांच, औचक निरीक्षण या प्रशिक्षण के क्रम में कोई नुकसान पहुंचेगा, तो इस बीमा का उसको लाभ मिलेगा। एकरारनामे के अनुसार बम निष्क्रिय ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के घायल होने की स्थिति में संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक दावा एकरारनामे में वर्णित निर्देशों के आलोक में करेंगे।

# आजादनगर गोलीकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बीते दिनों आजादनगर थाना क्षेत्र मे हुई गोलीकांड का जमशेदपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। सोमवार को जिला मुख्यालय में सिटी एसपी मुकेश लुनाएत ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को आजादबस्ती रोड नबंर-13 निवासी मोहम्मद शाहिद पर कार्य करने के दौरान अज्ञात बदमाशो ने गोली मार दी थी। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद एसएसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सैय्यद अमाननुलूलाह उर्फ अमन और शाहनवाज शामिल है। पूछताछ के दौरान अपराधियों के पास से एक पिस्तौल बरामद किया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। सिटी एसपी ने बताया तीनो दोस्त था। वापसी विवाद मे घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस ने बरामद 21 मोबाइल संबंधित लोगों को लौटाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में बीते दिनों गुम हुए 21 मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर लिया। सोमवार को गम्हरिया थाना परिसर में सरायकेला एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शिविर लगाकर सभी मोबाइल वास्तविक मालिक को लौटा दिया गया। वही मोबाइल मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सरायकेला पुलिस के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा गुम हुए मोबाइल फोन मिलने की आस छोड़ दी गई थी। लेकिन सरायकेला पुलिस यीी तकनीकी सहायता और तत्परता से खोए हुए मोबाइल वापस मिला। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया सीमित संसाधन और साइबर थाना नही रहने के बावजूत पुलिस की तत्परता से खोए हुए मोबाइल को बरामद किया गया। उन्होंने आम लोगों से सजक रहकर मोबाइल का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।

## लायंस विशाल के नये अध्यक्ष बने नंदलाल प्रसाद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल का पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक क्लब अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पिछले बैठक में क्लब अध्यक्ष के द्वारा चुनाव नोमिनेशन कमिटी का गठन किया गया था जिसमें नोमिनेशन कमिटी के चेयरमैन ला० डॉ एन के रजक एवम् सदस्य के रूप में प्रोफेसर ला० शिवपुजन सिंह और अधिवक्ता ला० पितरुश मिंज चुनें गये थे। इन्हीं नोमिनेशन कमिटी के पदाधिकारियों के द्वारा नये सत्र 2024-25 के लिए नये पदाधिकारियों का चयन कर के सदन में अपना रिपोर्ट सौंपा। चुनें गये पदाधिकारियों में अध्यक्ष ला० नन्दलाल प्रसाद, प्रथम उपाध्यक्ष ला० सुशील केसरी, द्वितीय उपाध्यक्ष ला० दीपक विश्वास, सचिव ला० गिरिश कुमार, उप सचिव ला० डॉ अरसद अंसारी, कोषाध्यक्ष ला० डॉ यून बरनवाल, उप कोषाध्यक्ष ला० वैकेटेशवर नारायण, पीआरओ सह अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक ला० शौकत खान, लिडर चेयरपर्सन पीएमजेफ पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर ला० डॉ आर एन एस दिवाकर, मेम्बर शिप चेयरपर्सन ला० रघुवीर प्रसाद कश्यप, जीएमटी में क्लब कोर्डिनेटर देवानंद शर्मा, क्लब एडमिनिसटर एमजेएफ डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, क्लब विस्तार , क्लब सर्विस चेयरपर्सन सफदर अली खान, टैल ट्विस्टर डॉ एसके विश्वकर्मा, लायन टेमर डॉ मुनन्जिर अहसान, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में डॉ मोहम्मद यासीन अंसारी, सतिश प्रसाद गुप्ता, अर्जुन विश्वकर्मा, ओमप्रकाश कांस्कार, डॉ कमलेश कुमार चुनें गये है। इस मौके पर लायंस विशाल परिवार के सभी लोग उपस्थित थे।

## कृष्ण प्रसाद यादव तीसरी बार यादव महासभा के अध्यक्ष मनोनीत



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो गांव निवासी कृष्ण प्रसाद यादव को प्रांतीय यादव महासभा के तीसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रांतीय यादव महासभा का पूर्ण गठन को लेकर रविवार को कृष्ण प्रसाद यादव की अध्यक्षता में वन भवन परिसर गढ़वा में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंड से बड़ी संख्या में प्रांतीय यादव महासभा के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रांतीय यादव महासभा के तीसरी बार कृष्ण प्रसाद यादव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृष्ण प्रसाद यादव ने कहा कि प्रांतीय यादव महासभा का पूर्ण गठन झारखंड राज्य के सभी जिलों में जिला पुनर्गठन का कार्य किया जा है। प्रांतीय यादव महासभा के मुझे तीसरी बार अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिस विश्वास के साथ समाज के लोगो ने जिम्मेवारी दी है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। वही उन्होंने कहा कि यादव महासभा के सहयोग से समाज को संगठित कर एक सूत्र में बांधने का प्रयास करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया की 15 दिनों के प्रखंड कमिटी को मजबूत करते हुए जिला कमिटी का विस्तार का सूची पर्यवेक्षक को उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव, कार्य समिति सदस्य सत्य नारायण यादव, रामवृक्ष यादव, कृष्ण कुमार यादव, मुंशी यादव सहित काफी संख्या यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

## उपभोक्ता बिजली चोरी करने से बचें

**कांडी (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए कड़ा निर्देश जारी किया है। मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि बिजली उपभोक्ता बिजली चोरी करने से बचें। जेई ने कहा कि सरकार सभी उपभोक्ता को 100 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। इसलिए बिजली की चोरी न करें,जिनका भी एक माह का बिजली बिल बकाया है उसे ऑनलाइन/ कैंप/ ऑफिस या एटीपी मशीन के माध्यम से जमा करें, जिनके यहां मीटर नही है या मीटर खराब है से जेई से संपर्क कर नया मीटर लगवाएं। बिजली बिल में त्रुटि होने पर सीधे एस्क्यूटिव इंजीनियर के गढ़वा स्थित ऑफिस में संपर्क कर बिल सुधार के लिए आवेदन दें।

## दाह संस्कार करने गये लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, एक दर्जन लोग घायल



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत के पुरेगाड़ा निवासी नंदू ठाकुर के हृदय गति रूक जाने से मृत्यु हो गई थी। दाह संस्कार के लिए पुरेगाड़ा नदी में लोग गये थे जहाँ अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिसमें लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। हमला में घायल लोगों के द्वारा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी को सूचना दिए जिन्होंने सरकारी एंबुलेंस को पुरेगाड़ा भेजा और घायल व्यक्तियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका लाया गया और प्राथमिक उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी लोग खतरे से बाहर है। इस मौके पर झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# एक सप्ताह में 1228.12 करोड़ की योजनाओं का हुआ उद्घाटन और शिलान्यास : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं की बौछार हो गई है। पिछले एक सप्ताह में 1228 करोड़ 12 लाख 78 हजार 700 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा, रंका, चिनियां एवं मेराल प्रखंड में अलग अलग मेगा शिलान्यास समारोह का आयोजन कर इन सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पांच योजनाओं समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, अंतर्राजीय बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम तथा नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का उद्घाटन किया। तत्पश्चात गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड में 145 करोड़ 73 लाख 34 हजार 200 रुपए की योजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें सात करोड़ 56 लाख 32 हजार 700 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन व 138 करोड़ 17 लाख एक हजार 500 रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जबकि चिनियां प्रखंड में 214 करोड़ 34 लाख एक हजार 300 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इनमें 56 करोड़ 32 लाख 65 हजार 600 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन तथा 158 करोड़ एक लाख 35 हजार 700 रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास शामिल है। रंका एवं रमकंडा प्रखंड में 370 करोड़ 19 लाख 60 हजार 700 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा का नारा खाएंगे न खाने देंगे, यह सरासर झूठा है। बल्कि हकीकत यह है कि भाजपा विकास करेंगे न करने देंगे की राजनीति करता है। भाजपा की सरकार न तो खुद विकास कर रही है और न ही दूसरी सरकार विकास करने दे रही है। आज यही कारण है कि झारखंड में हो रहे चौतरफा विकास से घबराकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने झूठा आरोप लगा कर साजिश के तहत जेल भेज दिया है। पूर्व की सरकार ने हाथी उड़ाकर राज्य का खजाना खाली कर दी थी। पिछले 10 वर्षों तक गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में छल-कपट, झूठ-फरेब का बोलबाला रहा। विधायक निधि की भी 40 करोड़ में से आज कहीं भी धरातल पर एक योजना मौजूद नहीं है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने मन्नत स्टील 2.0 का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुराना हॉस्पिटल, मेन रोड मंझिआंव पोस्ट ऑफिस के बगल में मन्नत स्टील 2.0 दुकान का उद्घाटन निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी के द्वारा फीता काटकर कर किया गया। वहीं इस दुकान के संचालक सरोज खान और विकास विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे दुकान में स्टील , एल्यूमीनियम, और ग्लास से संबंधित सारे वर्क किए जायेंगे जिसमे गेट, खिड़की, दरवाजा, छत और सीढ़ी की रेलिंग, सोफा सेट, पलंग, दरवाजा का चौखट, इत्यादि समान सभी शहरों से सस्ता और अच्छा कार्य किया जाएगा। वहीं इस मन्नत स्टील के संचालक सरोज खान ने बताया कि यहां से लोगो को अच्छे स्टील, ग्लास, और एल्यूमीनियम से संबंधित कार्य के लिए बाहर दूसरे शहर जाना पड़ता था जिसको लेकर ये दुकान खोला गया है। वही हमारे पास जो स्टील, ग्लास और एल्यूमीनियम वर्क्स के लिए जो मिस्त्री है उनका विदेशों, और मुंबई जैसे बड़े शहरों के दुकानों में लंबे समय तक कार्य करने का अनुभव प्राप्त है।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में वर्तमान सत्र का पाँचवा व अंतिम इन हाउस कार्यशाला सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षा नीति में हो रहे निरंतर बदलावों को मद्देनजर रखते हुए शिक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जब तक शिक्षक प्रशिक्षित नहीं रहेंगे तब तक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान नहीं कर सकते। इसके लिए सीबीएसई मान्यता प्राप्त शिक्षकों के प्रत्येक शिक्षक को पचास घण्टे की ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। इसमें 25 घंटे ट्रेनिंग सीबीएसइ ऑनलाइन और 25 घण्टे इन हाउस ट्रेनिंग देती है। ट्रेनिंग के दौरान दौरान शिक्षकों को क्लासरूम मैनेजमेंट, लेंग्वेज डेवलपमेंट, स्पेलिंग करेक्शन, रिजल्ट ओरिएंटेशन,फिजिकल एक्टिविटी, स्पोर्टस समेत अन्य गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी जाती है। इसके साथ-साथ विभिन्न विषयों के टॉपिक के अनुसार शिक्षकों के बीच एक्टिविटी का आयोजन कराया जाता है ताकि वह उस विषय को अच्छे से समझ सके एवं विषय से संबंधित सभी जानकारी बच्चों के समक्ष रख सकें। आज के इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन्स के रुप में संतोष प्रसाद एवं मुकेश कुमार भारती का प्रदर्शन अत्यंत ही रोचक, सुग्राहय एवं ज्ञानपूर्वक रहा जिन्होंने खिलौने पर आधारित शिक्षण पद्दति का सजीव चित्रण किया। मंच संचालन नीरा शर्मा के द्वारा किया गया।

उपस्थित शिक्षकों में उदय प्रकाश, बीरेन्द्र कुमार साव, विनय कुमार, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी आदि मुख्य रूप से रहे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक उदय प्रकाश ने की।

# आयरन मैन प्रवीण तेवतिया का मेराल में हुआ भव्य स्वागत

**जिंदगी में सबसे ज्यादा जरूरी है स्वास्थ्य, जो योग करने से मिलता है : प्रवीण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के परम शिष्य एवं भारतीय सेना के शौर्य चक्र विजेता, आयरन मैन व पूर्व मार्कोस कमांडो प्रवीण तेवतिया को मेराल में भव्य स्वागत किया गया। श्री तेवतिया योग प्रचार के लिए झारखंड दौरे पर हैं। रविवार को गढ़वा जाने के क्रम में मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर परिसर में मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत एवं पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा के नेतृत्व में मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, कैलाश शर्मा, नाथुन राम, मनोज कुमार, सत्यनारायण कुशवाहा, जगजीवन राम, लल्लू प्रसाद सहित अन्य लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत फूलमाला तथा अंग वस्त्र देकर किया गया। इस दौरान भारत माता की जयघोष से लोगों में देशप्रेम की भावना साफ झलक रही थी। स्वागत के बाद पतंजलि के राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने उनका परिचय कराते हुए कहा मार्कोस कमांडो के रूप में श्री तेवतिया ने देश की रक्षा की अब पतंजलि से जुड़कर लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए लगे हैं। लोगों के स्वागत और देश प्रेम की भावना से अभिभूत श्री तेवतिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिंदगी में सबसे ज्यादा जरूर स्वास्थ्य की है। निरोग नहीं रहने पर सारा धन संपत्ति बेकार हो जाता है। स्वस्थ रहने के लिए उन्होंने सभी को प्रतिदिन एक घंटा योग करने, अल्पाहारी बनने तथा घर का शुद्ध व शाकाहारी भोजन करने का संदेश दिया।

# नौ से शुरू हुए पोषण पखवाड़े का समापन 23 मार्च को होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा पोषण अभियान योजनान्तर्गत उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा प्रचार वाहन (रथ) को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ उक्त रैली का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी परियोजनाओं के महिला पर्यवेक्षकों एवं सेविकाओं द्वारा निकाली गई, जिसमें पोषण शपथ भी दिलाए गए। पोषण अभियान योजना अंतर्गत दिनांक- 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। पोषण पखवाड़ा के दौरान राज्य स्तर से आंगनबाड़ी केन्द्रों तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निर्धारित थीम के अनुसार किया जाना है। पोषण पखवाड़े के तहत पोषण भी-पढ़ाई भी योजना अंतर्गत शाला पूर्व शिक्षा एवं बाल विकास को सुदृढ़ करना, पोषण संबंधित पारंपरिक एवं स्थानीय खाद्य व्यवहारों पर उन्मुखीकरण करना, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्तनपान व शिशु आहार को बढ़ावा देना आदि थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके तहत विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा दिनांक- 09 मार्च से 23 मार्च 2024 तक चलाया जाना है, जिससे संबंधित कैलेंडर भी जारी किए गए हैं। जारी कैलेंडर के अनुसार 09 मार्च को पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जाना है, 11 मार्च को स्थानीय खाद्य प्रदर्शनी, 12 मार्च को वीएचएनडी एवं टीएचआर वितरण, 13 मार्च को केंद्र पर समुदाय आधारित कार्यक्रम, 14 मार्च को पुनः वीएचएनडी एवं टीएचआर वितरण किया जाना है।

## 96 वर्षीय वृद्ध की बीमारी के कारण मृत्यु

**कांडी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के 96 वर्षीय वृद्ध कईल पासवान की रविवार की देर शाम मृत्यु हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कईल पासवान उम्र ज्यादा होने की वजह से बीते कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार की देर शाम उन्होंने अंतिम सांस लिया। कईल पासवान 1970 से 1985 तक मझिगावां गाँव में चौकीदार रहे इस दौरान वे ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन किए। उनके मृत्यु की सूचना मिलते ही उनके घर पर लोगों का तांता लग गया। वे अपने पीछे पांच पुत्र व तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार गए हैं। सोमवार की सुबह सोन नदी के श्रीनगर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No RCD/FSD /AP/ RAN/**67**/23-24, जिसका पी० आर० न० **321600** Road (23-24) D है, में भूलवश कुछ त्रुटि है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्ते यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through onlinemode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 2- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.03.2024, 05.00 PM |
| 3- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.03.2024, 12.30 PM |
| 4- | Date and Timing of Bid opening | 19.03.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi .**

PR 322170 Road(23-24)#D


# रिश्वत के आरोप में स्थानांतरित लिपिक का पुराने स्कूल से नहीं हुआ है मोहभंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय में नामांकन के नाम पर छात्र से रिश्वत मांगे जाने के आरोप में डीईओ द्वारा स्थानांतरित लिपिक चंद्रकांत पांडेय का अभी भी भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय से मोह भंग नही हुआ है। उक्त लिपिक अपने कार्यक्षेत्र नगर उंटारी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गरबांध से आये दिन फरार होकर भवनाथपुर पहुंच जा रहे है। लिपिक चंद्रकांत पांडेय और प्रधानाचार्य अंकित त्रिवेदी की सांठ गाँठ से विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था में अराजकता का माहौल उत्पन्न होने के साथ ही विद्यालय विकास मद् की राशि में भी बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की संदेह गहराने लगा है। लिपिक द्वारा विद्यालय के कार्य में हस्तक्षेप किये जाने से शिक्षको में भी विद्रोह शुरू होने लगी है। जानते चले कि बीते 5 मार्च को प्लस टू उच्च विद्यालय के मिडिया एंड इंटरटैनमेंट विषय पर 65 छात्र छात्राएं विद्यालय के तरफ से आईटीआई गढ़वा में शैक्षणिक भ्रमण पर व्यवसायिक शिक्षक अमित कुमार के साथ एचएम के निर्देश पर लिपिक चंद्रकांत पांडेय को भेजा गया, जबकि बीते 6 मार्च को गढ़वा पॉलिटेक्निक कॉलेज में गए छात्रो के शैक्षणिक भ्रमण में भी उक्त लिपिक पहले ही वहाँ पर मौजूद थे। सबसे हैरानी की बात यह है, कि बीते 9 मार्च को भी मिडिया एंड इंटरटैनमेंट विषय को लेकर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में गए 36 छात्र छात्राओं के साथ व्यवसायिक शिक्षक को दरकिनार कर विद्यालय के एचएम अंकित त्रिवेदी ने विद्यालय के अन्य शारीरिक शिक्षक के साथ फिर से उक्त लिपिक को ही भेजा गया।

**लिपिक के विरुद्ध क्यों की गई थी, कार्रवाई :** बताते चले कि हाई स्कूल के लिपिक चन्द्रकांत पांडेय द्वारा इंटर में नामांकन के आए बुका गाँव के छात्र शवलेश कुमार को एक हफ्ते तक दौड़ने के बाद नामांकन हेतु लिपिक द्वारा उक्त छात्र से दो हजार रुपए बतौर रिश्वत की मांग की किया था। मामले की जाँच करने पहुंचे क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने लिपिक पर लगे आरोप के जाँच कर इसकी प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपा था। जाँच प्रतिवेदन पर लिपिक के उपर कार्रवाई करते हुए उसे भवनाथपुर से गरबाँध हाई स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

**क्या कहना है, एचएम का :** इस मामले में पूछे जाने पर एचएम अंकित त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक की कमी है, इसलिए मैंने लिपिक चंद्रकांत पांडेय को अपने विद्यालय में बुलाकर उनसे काम ले रहा हूँ।


**Office of the Deputy Commissioner**
**-cum-District Magistrate, Ramgarh**
**(District Planning)**
"B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101

**-:: Very Short Re-Tender Notice ::-**

**Request for Proposal(RFP) for Selection of Agency for Establishing Virtual Reality (VR Lab)**

Re-Tender No: 05/2024 Ramgarh, Dated: 09/02/2024

The District Administration, Ramgarh inviting Request for Proposal (RFP) for Selection of Agency for Establishing Virtual Reality (VR Lab)

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/Speed) or by hand as per the format specified in this RFP, at the following address latest by **18/03/2024 on 03:00 PM**

**Address for communication & Submission of documents**
**District Planning Office, Ramgarh,**
**"B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101**

The RFP would be opened in office of the Deputy Commissioner (DC) Office, "A Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 on 02:30 pm at 19/03/2024 in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह०/-
उप विकास आयुक्त,
रामगढ़।

PR 322048 (District) 23-24 (D)

### कर्रा में एकलव्य आदर्श विद्यालय का उद्घाटन व नियुक्ति प्रमाण वितरण समारोह आयोजित

# शिक्षा सबसे बड़ा धन: अर्जुन मुंडा

**देशभर में 740 एकलव्य आदर्श विद्यालय खोलने का लक्ष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



एकलव्य आदर्श विद्यालय का उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है। इसी से सशक्त समाज और विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को शिक्षित कर उन्हें तकनीकी ज्ञान से जोड़ा जाए, ताकि आनेवाल समय में वे विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। केंद्रीय मंत्री सोमवार को कर्रा में एकलव्य आदर्श विद्यालय के उद्घाटन और नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालय का उद्घाटन करना उनके लिए गौरव का क्षण है। आज का दिन हमारे बच्चों के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य को और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में उठाए गए कदम को समर्पित है। कहा कि हमारा लक्ष्य देशभर में ऐसे लगभग 740 स्कूल खोलने का है, जिनमें 3.5 लाख जनजातीय छात्रों को उनके अपने वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। वर्तमान में 402 इएमआरएस पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। अगले तीन वर्षों में देश के एकलव्य विद्यालयों के लिए 38 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति कर रहे हैं। अत्याधुनिक पद्यति से शिक्षा की व्यवस्था करने के लिए देश के 175 एकलव्य विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जा रहे हैं। शिक्षा, आर्थिक और सामाजिक कल्याण की कुंजी है। इसलिए उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की सलाह दी। कहा कि शिक्षा के कारण ही उन्हें नागरिकों की सेवा करने का अवसर मिला। कहा कि आज डिजिटल युग का समय चल रहा है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण सभी के हाथों में मोबाइल फोन होना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा का पहुंच बढ़ाने के लिए ऐसे विद्यालयों की पहल की है जनजातीय बच्चों के खेल प्रतिभा को संवारने के लिए पहल की गई है, जिनमें चार खेल मुख्य हैं जिसमें तीरंदाजी को मुख्य रूप से लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से झारखंड में 21 और नये एकलव्य विद्यालय की शुरूआत की जाएगी। बहुत जल्द भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली के साथ डोंबारीबुरू, चलकद आदि जगहों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न टोले व कस्बे में रहने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए भारत सरकार के जन जनजातीय मंत्रालय ने विकसित भारत से जोड़ने के लिए इस तरह की पहल शुरू की है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकेंगे।

### सिमडेगा का रामरेखा धाम बनेगा पर्यटन केंद्र

अर्जुन मुंडा ने कहा कि सिमडेगा स्थित रामरेखा धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से 25 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। इन सारे कार्यों से ही विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सकता है। इस मौके पर परियोजना निदेशक आइटीडीए कर्रा बीडीओ, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, आलोक शिकारी कच्छप, वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका प्रसाद, विनोद प्रसाद सोनी, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, विष्णु सोनी, मदन मोहन मिश्रा, बजेंद्र हेमरोम आदि उपस्थित थे।

# सोनाहातू में 2.42 करोड़ व राहे में 1.12 करोड़ की कई योजनाओं का शिलान्यास

## हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता।



विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य के शिलान्यास के मौके पर विधायक सुदेश महतो।

**सोनाहातू।** प्रखंड के जिलिंगसेरेग गांव में डेढ़ किलोमीटर सड़क, और 300 फीट पीसीसी सड़क, तिलाईपिड़ी गांव में 3.5 किलोमीटर सड़क और तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को विधायक सुदेश महतो ने किया। इसके अलावा राहे प्रखंड के बंसिया गांव में एक किलोमीटर लंबे सड़क का शिलान्यास किया। सोनाहातू में 2 करोड़, 42 लाख रुपये और राहे में एक करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मीडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी, आदि की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क की मरम्मत की जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाया जा रहा है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है। मौके पर सुनील सिंह, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, रमेश मुड़ा, अनिता देवी, रोशन मुंडा, बबलू अंसारी, कमल सिंह मुंडा, राजकिशोर लोहरा, मनोज मेहता, बालेंदु महतो, शक्ति सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सोमबार को बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच रंगोली, चित्रांकन, भाषण और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय ने बताया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालय के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रतिभागिओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं, जिला स्तरीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी अष्टमी महतो को सम्मानित किया गया। बीडीओ कीकू महतो ने कहा कि वर्त्तमान में बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं है। पहले हमारे समाज में बेटी पैदा होने पर माता-पिता उसको घृणा की नजर से देखते थे। पर अभी बेटियां महिला वार्ड सदस्य से राष्ट्रपति तक का पद संभाल रही है। इस दौरान स्कूली बच्चों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को पोषण पखवाड़ा 2024 की शपथ दिलाई गई और सेविका, सहायिकाओं द्वारा पोषण पखवाड़ा रैली निकाली गयी। मौके पर सीओ सह सीडीपीओ दीपक प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री व बीपीएम चंदन कुमार मौजूद थे।

## कार्यक्रम आयोजित कर आइआरबी-थ्री से तबादला हुए तीन डीएसपी को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आरक्षी पदाधिकारी मनी मोहन प्रसाद और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया। इसमें आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से तबादला हुए तीन डीएसपी को विदाई दी गई। इसमें डीएसपी श्रीराम समद का सीसीआर रांची, महावीर शिलानन्द किंडो रेल आईजी कार्यालय रांची और अरूण कुमार तिर्की एसीबी रांची तबादला होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने बारी-बारी से तीनों डीएसपी को माला पहनाकर सम्मानित किया और शॉल एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई। वक्ताओं ने तीनों डीएसपी के कार्यकाल पर प्रकाश डाला और उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। वहीं, तीनों डीएसपी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्य के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर मनीमोहन प्रसाद, सत्येन्द्र मिश्रा,मन्टु कुमार, परेश मरांड,शमशेर खान,सुशिल पाण्डेय, संजीव कुमार,बिरेन्द्र सिंह,प्रहलाद कुमार, राजीव रवि,पवन कुमार,अजमल हुसैन, इकबाल अंसारी,शक्ति चौबे,गोल्डेन चौबे, जितेंद्र शुक्ल सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

## दर्जनों कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपुजन पाठक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक के समक्ष कांग्रेस ओबीसी मोर्चा खूंटी के जिला सचिव दिलीप केशरी के नेतृत्वम में कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इसमें शामिल होनेवालों में लक्ष्मीनाथ साहू, शमीम अली, सयूम अंसारी, यासीन अंसारी, लादेन अंसारी, आशिक राजा, तफीजुल अंसारी, साजिद अंसारी, यासीन खान, राम साहू, रोशन साहू, अनिल साहू, श्रवण साहू, प्रमोद सिंह, प्रमोद साहू, धीरज केशरी, आकाश महाराणा, विजय साहू, लक्ष्मण साहू, किशोर नायक आदि शामिल हैं। बाद में दिलीप केशरी ने अपने समर्थकों के साथ कर्रा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से विनोद प्रसाद सोनी के आवास पर जाकर मुलाकात की। मौके पर जिला एसी मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णा राम, एसी मोर्चा मीडिया प्रभारी मुकेश राम, पंचायत अध्यक्ष शंकरसन साहू, कुलदीप मिश्रा, हरेंद्र लोहरा आदि उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ के आइजी ने 94 बटालियन के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) झारखंड सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को सीआरपीएफ 94 बटालियन खूंटी में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक ने इस वाहिनी द्वारा किए गए सफल अभियानों की प्रशंसा की और आनेवाले समय में वाहिनी को और अच्छे सफल अभियान के लिए अधिकारियों-जवानों को प्रोत्साहित किया। बैठक में पी कुजूर पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज रांची, सतीश कुमार लिंडा पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन झारखंड सेक्टर, लोकेश मिश्रा उपायुक्त, खूंटी, राधेश्याम सिंह कमांडेंट 94 बटालियन, अमन कुमार पुलिस अधीक्षक खूंटी, प्रकाश रंजन मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी 94 बटालियन और दीपक कुमार उप कमांडेंट झारखंड सेक्टर आदि उपस्थित थे। मौके पर सोदे स्थित बी/94 बटालियन के जवानों के साथ सैनिक सम्मेलन के माध्यम से वातार्लाप किया गया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। साथ ही नजदीकी स्कूल के बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में अधिकारियों ने जानकारी और उन्हें शिक्षित होकर देश का अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## झामुमो ने करकट्टा बस्ती में निकाली न्याय यात्रा




**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी प्रखंड समिति की ओर से तुमांग पंचायत के करकटटा बस्ती में न्याय यात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगा कर हेमंत सोरेन को जेल में डालने का आरोप लगाया। कहा कि इसका असर लोकसभा चुनाव में दिखेगा। कहा कि झारखंड की वर्तमान की ओर से जनता के लिए कई कल्याणकारी योजना बनाई गई है जिसका लाभ सीधे आमजनता को मिल रहा है जिसमें अबुआ आवास, सर्वजन पेंसन, विधवा पेंशन, फुले बाई सावित्री किशोरी समृधी योजना और गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लोकार्पण मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा किया गया है। इस मौके पर खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान , चितरंजन सिंह, कलाम रिजवी, याकूब अंसारी ,शंभुदास गौरव सिंह, वीरू, गणेश पहान किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, मजीता देवी, पूनम देवी, बेबी देवी, उमा देवी, तरो देवी, सरिता देवी, रेणु देवी, सोमरी देवी, पार्वती देवी, बांधनी देवी, मंजू देवी, नोनी देवी, मंगरी देवी आदि मौजूद थे।

## अशोका में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन व प्रबंधन के बीच एजेंडा बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** अशोक परियोजना कार्यालय में सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना और प्रबंधन के बीच एजेंडा मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें कोयला मजदूरों से संबंधित 25 सूत्री मांगों पर चर्चा की गई। जिसमें कोयला कामगारों के प्रमोशन,आवास का मरम्मत, आवास भत्ते का भुगतान, संवेदनशील पदों पर वर्षों से जमे कर्मियों का टेबल ट्रांसफर, अवकाश प्राप्त कर्मियों के सीएमपीएफ का भुगतान करने, कैंटीन की साफ सफाई एवं कामगारों के आवास में आरओ वाटर की व्यवस्था करने, पीट कार्यालय एवं कर्मशाला के पास क्रेच की व्यवस्था करने आदि कई बिंदुओं पर वार्ता हुई। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए इन मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधन की ओर से अशोका पीओ संजय कुमार, परियोजना अभियंता विद्युत एंव यांत्रिक शंभू प्रसाद, परियोजना अभियंता उत्खनन मनोज पांडे, प्रबंधक कार्मिक शिशिर गर्ग, हेमचंद महतो, परियोजना अभियंता सिविल प्रणव एंव यूनियन की ओर से सचिव अरविंद कुमार शर्मा, अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, अनित कुमार,मनोज राम, रहमतुल्लाह, सेवक गंझु,सोमर गंझु, दिलीप महतो, साहब राम सतनामी, ऋषिकेश मिश्रा, गीता देवी, पूसनी देवी आदि शामिल थे।

## सभी बूथों पर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

# डीसी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को निर्वाचन कोषांग की बैठक हुई। जिसमें निर्देश किया गया कि इस कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मचारी सभी कोषांगों से समन्वय स्थापित कर निर्वाचन से संबंधित कार्यों का सुचारू ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करें। डीसी ने निर्वाचन कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी में शामिल होन वाली महिला कर्मियों के लिए सभी बूथों पर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता खूंटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडवीन कुजूर, कार्यपालक दंडाधिकारी मीनाक्षी भगत आदि थे। दूसरी ओर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्र ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण से संबंधित विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में डीसी ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम के साथ ही वहां तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का भी निरीक्षण किया।

### डीसी-एसपी ने खूंटी उपकारा का किया औचक निरीक्षण

डीसी लोकेश मिश्रा और एसपी अमन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को खूंटी उपकारा का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें शामिल अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान सहित अन्य दंडाधिकारी और पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा खूंटी कारा के अंदर प्रत्येक वार्ड एवं सेल की जांच की गई। जेल में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस दौरान महिला एवं सॉलिटरी सेल सहित पुस्तकालय एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही परिसर की साफ - सफाई की भी जांच की गई। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने जेल में कैदियों के लिए खाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। यह जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा दी गई। बताया गया कि जांच के दौरान खूंटी कारा में किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया।

### भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश

डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सोमवार को प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक हुई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित बैठक में प्रवर्तन एजेंसियों को भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के निमित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। डीसी ने स्थापित चेक पोस्टों को क्रियाशील बनाने और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पदाधिकारी थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एसपी स्तर के पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगें। वांक्षितों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र स्थित झारखंड बाजार के समीप सोनाहातु-बुंडू रोड़ पर बाइक से धक्के से 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी प हचान दीनबंधु सिंह मुंडा के रूप में हुई है। वह बुंडू के सीरकाडीह गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार दीनबंधु सिंह मुंडा सुबह 9 बजे अपने गांव से बुंडू लौट रहे थए। तभी झारखंड बाजार के समीप बाइक सवार ने धक्का मार दिया, जिससे सड़क पर गिरकर दीनबंधु घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगी थी। उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वह बुढ़ाडीह गांव के मुंडारी खुदकट्टी जमींदार था। निधन की खबर से गांव में शोक की लहर है।

### ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



इटकी (आजाद सिपाही)। ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन संघ के इटकी क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक सोमवार को बनिया टोली के महावीर चौक स्थित मनोज मेडिकल हॉल भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रखंड अध्यक्ष मोइन अंसारी ने किया। बैठक में पूरे प्रदेश के ग्रामीण चिकित्सकों को एकजुट कर संगठन के माध्यम से अपनी मान्यता दिलाने के लिए सरकार से प्रयास करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इटकी क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्तर की संस्था ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन ऑफ इंडिया में शामिल भी किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद खान, प्रदेश महासचिव महानंद झा, ऑल इंडिया मेडिकल डायरेक्टर राकेश मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मनोज केसरी, साजिद, अख्तर अंसारी, राकेश राम, आसिफ इकबाल, रमन विश्वास, शाहनवाज आलम आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

इटकी (आजाद सिपाही)। पुलिस ने सोमवार को अपराध और दुर्घटना नियंत्रण को लेकर सड़कों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेल्मेट के चल रहे दर्जणों वाइक और स्कूटी चालकों के वाहनों को जब्त किया गया। वहीं, चार पहिया सहित अन्य बड़ी वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की गई। एएसआई बाल किशोर हेम्ब्रम ने लोगों को हमेशा हेल्मेट पहन कर वाइक चलाने की हिदायत दी। चेताया कि नियम का उलंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### वाहन की चपेट में आने से भाजपा कार्यकर्ता की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सारजमडीह गांव के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता गुरुदयाल गुप्ता (54) की वाहन के धक्के से रिंग रोड में मौत हो गयी। नामकुम पुलिस ने सोमवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। वो अपने पिछे एक बेटा एक बेटी व पत्नी सहित भरापुर परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में कई भाजपाई शामिल हुए।

### प्रेम-प्रसंग में युगल ने की आत्महत्या

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के बाड़वा गांव के पास नहर के पास से युवक-युवती का शव बरामद हुआ है। उनकी पहचान 22 वर्षीय प्रह्लाद लोहरा और 18 वर्षीय संगीता कुमारी के रूप में हुई है। दोनों बंड़वा गांव के निवासी हैं। दोनों से जहर खाकर आत्महत्या की है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची तमाड़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिरसा विस्थापित प्रभावित मंच ने किया प्रदर्शन

खलारी (आजाद सिपाही)। बिरसा विस्थापित प्रभावित मंच की ओर से समस्याओं को लेकर एन के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और 21 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा गया है। इससे पूर्व ग्रामीण पैदल चल कर नारेबाजी करते हुए डकरा महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे। जहां प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिसकी अध्यक्षता बहुरा मुंडा और संचालन महेंद्र उरांव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि नई खदान और रोहिणी ओसीपी खोलने के लिए जिन लोगों को हटाए जाना है वे लोग पूर्व से ही विस्थापित किये गए हैं। अब फिर से उन्हें विस्थापित करने की बात पर सीसीएल कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है कि किस नियम के तहत उन्हें हटाया जाएगा, बसाया जाएगा और उन्हें क्या सुविधा मिलेगी। 21 सूत्री मांग में रोहिणी नई खदान के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का सीमांकन कर पिलरिंग करने की मांग की गई। इस मौके पर बहुरा मुंडा, रामेश्वर भोगता, ध्वज राम धोबी , महेन्द्र उराव, उमेश लोहरा, किशन मुंडा, पंकज मुंडा, सूरज लोहरा, बिगन उरांव, कालेश्वर मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, लालु मुंडा, अनिल राम, छोटू राम, विजय , मनोज रेनू देवी, सुक्रमणि देवी, सीता देवी, पुष्पा देवी, इतवारिया सीता, शांति देवी आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
09

## बलिदानी गोविंद सिंह का 44वां शहादत दिवस मना



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** शहिद बडाईक गोविंद सिंह का 44वां शहादत दिवस चंपाडीह कुसुम दीपा में मनाया गया। मुख्य अतिथियों झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार सिंह ने शहीद गोविंद सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, चंपाडीह के शहीदस्थल में आयोजित समारोह के वशिष्ट कुमार सिंह ने कहा कि शाहिद गोविंद सिंह शिक्षा प्रेमी थे। शाहिद गोविंद सिंह की तरह आप भी कुछ ऐसा काम करें जिससे क्षेत्र का नाम रोशन हो। कहा कि यहां पर डिग्री कालेज खुल जाने से यहां के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। डिग्री कालेज खुल जाने से बलिदानी बड़ाइक गोविंद सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह जी जीवनपर्यत सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित रहे। लोगों की सेवा करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। वहीं, झामुमो नेता शुशील पहान ने कहा कि झारखंड वीरों व शहिदों की धरती है। झारखंड भी इसी शहादत की देन है। बलिदानी बड़ाइक गोबिंद सिंह ने क्षेत्र के लिए शिक्षा समेत कई सराहनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामशंकर सिंह ने किया। मौके पर समाजसेवी प्रभु कुमार सिंह, संजु सिंह , देवेंद्र सिंह, फीरन महतो , लक्ष्मन साहु, सुखु उरांव, पुरन महतो, जालंधर सिंह मौजूद थे।

## अनगड़ा मास सेंटर में रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मैनेज के तत्वावधान में मास सेंटर लालगढ़ अनगड़ा में सोमवार को पांच दिनी रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका विषय अपॉर्चुनिटी इन प्रोसेसिंग ऑफ फ्रुटस है। बतातें चलें कि मैनेज हैदराबाद भारत सरकार का एक उपक्रम है, जो पूरे भारत में कृषि तथा संबंधित स्नातकों के लिए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम एग्री क्लिनिक एंड एग्री बिजनेस सेंटर कोर्स करने के बाद दक्षता बढ़ाने के लिए एक और प्रशिक्षण कार्यक्रम रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि निदेशक विकास कुमार के अलावा डॉ नीरज, मास संस्था सचिव विजय भरत, राज्य प्रोग्राम निदेशक बीके सहाय, स्टेट मैनेजर संदीप कुमार, एग्री एक्सपर्ट मदन कुमार, मैनेजर अर्जुन महतो सहित 27 प्रतिभागी उपस्थित थे। मौके पर मास संस्था के सचिव विजय भरत नें कार्यक्रम के रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि किसानों को सही मायने में फलों के प्रसंस्करण के द्वारा ही सही मदद की जा सकती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ नीरज ने पांच दिनी इस कार्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी दी। कृषि निदेशक विकास कुमार नें सभी विद्यार्थियों से परिचय लेते हुए रोजगार की गतिविधि को जाना तथा अपने सुझाव दिए। कहा कि प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की दशा बदल सकती है। हम उनके अत्यधिक उत्पादन से होने वाले मूल्य में कमी को पाटते हुए उन्हें सही मूल्य देकर उनकी आमदनी में इजाफा तो कर हीं सकते हैं। साथ ही अत्यधिक उत्पादन को बेकार होने से बचा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों सहित अन्य मौजूद थे।

## केंद्रीय राजभाषा विभाग ने किया नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान को सम्मानित




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान को पूर्वी क्षेत्र में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय राजभाषा विभाग की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान दिया गया। क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रामाणिक ने किया। यह पुरस्कार संस्थान की ओर से डॉ एनबी चौधरी, निदेशक द्वारा राजभाषा शील्ड और कमल किशोर बडोला, सहायक निदेशक द्वारा प्रशस्ति-पत्र ग्रहण किया गया । सम्मेलन में केंद्रीय राजभाषा विभाग के अलावा राजभाषा विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे । यह सम्मेलन पूर्वी एवं पूवोत्तर क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों बैंकों एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यालय अध्यक्षों, अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। वहीं संस्थान में सोमवार को निदेशक डॉ एनबीचौधरी की अध्यक्षता में हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ अंजेश कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी (सेवानिवृत्त), राष्ट्रीय कृषि उच्चत प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन डॉ जेपी पाण्डेय और धन्यवान ज्ञापन डॉ कर्मवीर जेना ने किया।

## मुरहू प्रखंड कार्यालय में नये कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखंड कार्यालय में सोमवार को नये कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन मुरहू प्रखंड की प्रमुख एलिस ओड़िया, उप प्रमुख अरूण कुमार साबू, जिला जिला परिषद सदस्य नेलामी देमाता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी और पशुपालन पदाधिकारी विजय कुमार नाग ने संयुक्त रूप से किया। उप प्रमुख अरूण साबू ने बताया कि प्रखंड में दो कंप्यूटर कक्ष बनाये गए हैं, जिसमे एक कंप्यूटर कक्ष में मनरेगा से संबंधित सभी काम होंगे, जबकि दूसरे कंप्यूटर कक्ष में जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पेंशन से संबंधित प्रमाण पत्र का कार्य किया जाएगा। कंप्यूटर कक्ष के बन जाने से ब्लॉक में एक स्मार्ट और सुंदर वातावरण बनेगा जहां आए हुए हमारे ग्रामवासी अपने कार्यों को सुलभ और अच्छे तरीके से कर सकते हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ब्लॉक को एक स्मार्ट ब्लॉक बनाने की कयावाद है, ताकि आगंतुकों के साथ ही सबके कार्य करने में आसानी हो।

### विकास योजनाओं का शिलान्यास : नामकुम में बनेगा बीडीओ-सीओ का आवास

# क्षेत्र का विकास प्राथमिकता: विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सोमवार को नामकुम प्रखंड में दो विकास योजनाओं का शिलान्याय किया। विधायक ने सर्वप्रथम ग्राम सपारोम में तालाब के दोनो ओर 350 फीट गार्डवाल निर्माण और प्रखंड सह अंचल परिसर में बीडीओ, सीओ, पर्यवेक्षीय/तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास, प्रखंड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सेवक हैं। क्षेत्र वासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास करते रहते हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।



विकास योजनाओं का शिलान्यास करते खिजली विधायक राजेश कच्छप।

उन्होंने कहा कि संवेदक गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा करें, ताकि इस भवन का लाभ अधिकारियों एवं कर्मियों को जल्द मिल सके। इस अवसर पर नामकुम सीओ प्रभात भूषण सिंह, प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, कांग्रेसी नेता मोधो कच्छप, कांग्रेस कमेटी रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, रांची जिला सचिव कांग्रेस कमेटी अनगड़ा प्रभारी मीनू सिंह, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, आरा पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, सरस्वती देवी, जीता कच्छप, पतरस तिर्की, मेरी तिर्की, अंजू लकड़ा, निर्मला गाड़ी, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक मौजूद थे।

# जेबीकेएसएस की जिला एवं केंद्रीय कोर कमेटी का निर्णय, देवेंद्रनाथ महतो होंगे रांची लोस उम्मीदवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के जिला एवं केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक रविवार को लेढ़ाअंबा हेसल स्थित प्रस्तावित जिला कार्यालय में हुई। देर रात तक चली इस बैठक में काफी विचार विमर्श के बाद जेएसएसयू प्रमुख सह जेबीकेएसएस के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो को रांची लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर सहमति बनी। हालांकि बैठक में पार्टी संस्थापक सदस्य सुमित कुमार महतो, महामंत्री जितेंद्र महतो, सक्रिय सदस्य संजय महतो आदि के भी नाम प्रत्याशी के



तौर पर सामने आये थे, पर सभी ने एक स्वर से देवेंद्रनाथ महतो के नाम को आगे किया। इस पर अंतिम मुहर जेबीकेएसएस सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो लगायेंगे। गौरतलब हो कि टाइगर जयराम महतो की नेतृत्व वाली पार्टी जेबीकेएसएस झारखंडी हित में स्थानीय नियोजन, विस्थापन, उद्योग नीति आदि की मांग को लेकर पिछले दो साल से लगातार आंदोलनरत रहने के बाद पहली बार चुनावी मैदान में उतरेगी। वैसे पूर्व में जयराम महतो कह चुके हैं कि लोकसभा चुनाव जेबीकेएसएस का वार्मअप मैच होगा, पर कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश-खरोस के साथ जीत के जज्बे के साथ चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से कैप्टन जुगेश मुंडा को रांची लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं सुमित कुमार महतो, फलिंद्र करमाली, महाबीर मुंडा, आलोक उरांव, रतिया गंझू, निवेदिता महतो, सोहरी देवी, मंजू महतो, जलेश्वर महतो मार्शल, संजय महतो एवं जितेंद्र महतो को सह प्रभारी बनाया गया। अध्यक्षता लखींद्र महतो और संचालन हेमंत महतो ने किया। बैठक में सन्नी संदीप तिग्गा, विराट महतो, श्रवण महतो, गोविंद महतो, सूरज नारायण महतो, बीरबल महतो, रविंद्र महतो और राजकिशोर महतो आदि उपस्थित थे।

## रातू के मेरियाटांड़ में कुएं से छात्रा का शव बरामद

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मेरियाटांड स्थित एक कुएं से सोमवार की शाम पुलिस ने एक छात्रा का शव बरामद किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला। उसकी पहचान बालूमाथ निवासी स्व धनेश्वर महतो की 15 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई। पिता का कई साल पहले ही निधन हो गया है। वर्तमान में मृतका अपनी मां जानकी देवी व दो बहनों के साथ मेरियाटांड में ही किराये के एक मकान में रहती थी। वह बगल के ही बाल संजीवनी स्कूल में 7वीं कक्षा की छात्रा थी। जानकारी के मुताबिक छात्रा शिवरात्रि के दिन से ही लापता थी। मामले को लेकर मां जानकी देवी ने रातू थाने में पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजन व अन्य जगहों पर काफी खोज बीन के बाद भी छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया था। सोमवार की शाम खेत में लगे फसल में पानी डालने के लिए



किसान जब कुएं के पास पहुंचे तो शव को कुएं में तैरता पाया। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि छात्रा का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेक दिया गया है। छात्रा का शव कुएं में मिलने की सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी मोहम्मद याकूब,थानेदार शशिभूषण चौधरी के अलावा अन्य पुलिसकर्मी घटना स्थल पहुंचे व जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## नवमी डोल मेला और भीम राव अंबेडकर जयंती मनाने पर चर्चा




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे स्थित भीमराव अंबेडकर चौक के समीप मंगल ढाबा में सोमवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य राजू नायक ने की। बैठक में टाटीसिलवे में लगने वाले ऐतिहासिक नवमी डोल मेला एवं आगामी 14 अप्रेल को बाबा साहेब की जयंती समारोह को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कहा गया कि आजसू की ओर से प्रत्येक वर्ष नवमी डोल मेला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। वहीं कार्यकर्ता सुरक्षा व्यवस्था की भी कमान संभालते हैं। निर्णय लिया गया कि इस बार भी आजसू कार्यकर्ता आगे बढ़-चढ़कर नवमी डोल मेला एवं जयंती समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे। बैठक में आजसू उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, मुकेश नायक, अर्जुन राम, जगरनाथ महतो, पिंटू नायक, रतन सिंह होंडा, प्रदीप तिर्की, नन्हें कच्छप, विकास साहू, मानव राम, बंटी नायक, शंकर राम, अरविंद कुमार मुंडा, गणेश राम, दीवान शाही मानकी, मंगल शाही मानकी, धीरज नाग आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन जगरनाथ महतो ने किया।

### सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से गांव के लोग वंचित

# बेड़ो में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हर घर नल योजना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल योजना बेड़ो में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। विभागीय अधिकारी और संवेदक की साठगांठ के कारण यह योजना धरातल पर अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रहे है। कहीं बोरिंग करके छोड़ दिया गया है, तो कहीं जलमीनार बनाकर छोड़ दिया गया है। कहीं जलमीनार लगाया गया, तो उसमें पानी नहीं चढ़ता है तो कहीं कनेक्शन दे दिये गये, लेकिन आज तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। तो कहीं मानकों के अनुसार बोरिंग की गहराई नहीं की गयी। ऐसे कई मामले हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिलने के बाद भी जिम्मेदार मौन हैं। प्रखंड के दिघिया पंचायत के टोंका टोली में एक वर्ष से बोरिंग व जलमीनार तैयार है, लेकिन एक



बेड़ो के टोंका टोली गांव में बिना सोलर व मशीन के बेकार पड़ा जलमीनार।

वर्ष बाद भी सोलर व मशीन नहीं लग पाया है। वहीं, तुको गांव में लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए घर-घर में कनेक्शन भी दिया गया। लेकिन विंडबना यह है कि आज तक इन घरों में पानी नहीं पहुंच पाया। पूछे जाने पर कई ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ साल से जलमीनार बनकर खड़ा है, लेकिन हमारे घरों में अभी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। गांव में लोग खेत में बने कुंए से पानी ला रहे हैं। बंद पड़े जलमीनार की शिकायत सुनकर भी सांसद, विधायक व अधिकारी मौन हैं।

### सन्नी टोप्पो ने की बेड़ो में जलमीनार योजना में हुई गड़बड़ी की जांच की मांग



**लोहरदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने बेड़ो में हर घर नल जल योजना में हुई अनियमितता पर केंद्र सरकार से जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। जिस मकसद से गांवों में सोलर जल मीनार लगाई गई है उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ सोलर जलमिनर को छोड़ दिया जाये, तो प्रखंड के गांवों में जलमिनर बंद पड़ी हुई है। इसमें पेयजल का स्वच्छता विभाग द्वारा लगायी गयी। जलमीनार में जमकर लूट हुआ है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पहाड़ कंडरिया में बन रहा भव्य देवी मंडप

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पहाड़ कंडरिया गांव लोगों ने आस्था और विश्वास की एक अनूठी पहल करते हुए नया तालाब के समीप ग्रामीणों के सहयोग से देवी मंडप का नवनिर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जनसहयोग से राशि एकत्रित कर देवी मंडप का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर में हमारी विशेष आस्था है। इसके निर्माण में सभी ग्रामीण आर्थिक सहयोग कर रहे है। जल्द ही श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। गांव के दिलीप सिंह ने बताया कि बनने के बाद देवी मंडप आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि गांव में देवी मां का मंदिर अपने आप में अनोखा होगा। मंडप लगभग बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही ढलाई कार्य पूरी कराई जाएगी। इस निर्माण कार्य में बिंगलु उरांव, मनिका उरांव, चंद्र गोप, कलिंद्र गोप, नवल सिंह, देवला उरांव व महादेव गोप आदि जुटे हैं।

### लापुंग थाना में चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को लापुंग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ उषा मिंज ने की। बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर सभी जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों से सहयोग की अपील की गई। बीडीओ ने लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक वोट के लक्ष्य को पूरा करने की बात की। व पोस्टल बैलेट की जानकारी दी। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने कहा कि लापुंग थाना क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर यथा शीघ्र रोक लगायी जाएगी। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को अंग वस्त्र भेंट किया। इस मौके पर गंगाधर साहू, सुमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि जन्मजय पाठक, जयंत बारला, नसीम आलम, ग्राम प्रधान सैमुएल बारला, मुखिया सबिता उरांव, सरोज मुंडा, मालती रानी केर-केट्टा, मेरी होरो, बिरसमुन्नी देवी आदि उपस्थित थे।

### खलारी पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया। खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह के नेतृत्व मे एंटी क्राइम को लेकर बिना हेलमेट, मास्क, ड्राइविंग लाइसेंस, नशे में वाहन चालन और बिना पंजीयन के वाहनों की जांच की गयी। इसक्रम में दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात और डिक्की खुलवा कर जांच की गयी। वहीं, हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगा कर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। साथ नियम उल्लंघन पर जुर्माना वसूली की चेतावनी देकर वाहनों को छोड़ा गया। मौके पर थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि शिकायत मिली है कि कुछ युवा ट्रिपल राइडिंग व तेज गति से वाहन चला रहे है। कहा कि सभी लोग हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाये, बिना हेलमेट के पाये जाने पर अगली बार कार्रवायी की जायेगी।

### बचरा श्रमिक क्लब में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में डेंजरस डांस एम ग्रुप वनबीआर कॉलोनी बचरा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार जीएम की पत्नी सह जागृति महिला मडंल की अध्यक्ष मिनिता सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि में अशोका पीओ की पत्नी मीरा कुमार, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित कई महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में महिला ग्रुप की ओर से कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने खूब पसंद किया। महिलाओं द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने महिलाओं के उत्थान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान के इस दौर में महिलाएं अब किसी से पीछे नही है। महिलाऐ भी अब सभी क्षेत्र में आगे है। वहीं महिलाएं भी अब अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक हो चुकी है। वर्तमान में महिलाएं भी रोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन रही है। इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का मनोबल बढाना है। इस कार्यक्रम में मीनाक्षी सिंह, सरोजनी सिंह, शीला सिंह, बबीता पांडेय, अलका देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, रिंकी सिंह, श्वेता देवी, शिवानी देवी, शांति देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### चुनाव प्रबंध समिति की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा भाजपा जिला कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति कि आयोजित बैठक में पिपरवार से कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके अलावा 15 मार्च को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चतरा आगमन को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा चुनाव प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू उपस्थित थे। भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने अतिथियों से मुलाकात कर चुनाव संबंधी बातों पर जानकारी दी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष काली चरण सिंह,जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता,पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, उज्जवल, चेतलाल राम सहित कई प्रबंधन समिति के सदस्य एवं भाजपा पिपरवार के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेहला पुलिस को मिली कामयाबी : मुख्य आरोपित फरार, उसके संभावित ठिकानों पर पुलिस की छापामारी

# ब्रांडेड कंपनी की नकली कीटनाशक दवा बनाने का भंडाफोड़, 2567 बोतल नकली दवा बरामद

**एसटीडी कॉलेज के निकट एक घर में बनाया जा रहा था ब्रांडेड कंपनी की नकली कीटनाशक दवा, रॉ मटेरियल भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



जब्त की गई नकली किटनाशक दवा।

**मेदिनीनगर।** रेहला पुलिस ने महराष्ट्र की इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों की सूचना के आधार पर बी मोड़ स्थित एसटीडी कॉलेज के निकट सुरेंद्र चौधरी के घर में छापामारी कर 2567 बोतल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। हालांकि नकली किटनाशक दवा बनाने का मास्टर माइंड मौके से फरार होने में सफल रहा। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि महाराष्ट्र की इंडोफिल कंपनी कृषि कार्यों में उपयोग के लिए कीटनाशक दवा बनाती है। उक्त कंपनी के सर्वेयर को भनक लगी कि इस क्षेत्र में उनकी कंपनी के नाम पर नकली दवा बनाकर बाजार में बेची जा रही है। कंपनी के सर्वेयर की सूचना पर रविवार की शाम को रेहला पुलिस ने बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास कॉलेज के निकट सुरेंद्र चौधरी के घर छापामारी की, तो वहां से इंडोफिल कंपनी के कॉपीराइट कर नकली दवा बनायी जा रही थी। पुलिस ने वहां से 2567 बोतल नकली कीटनाशक दवा व बनाने की सामग्री बरामद की। कंपनी के सुनील दुखहरन पांडेय ने बताया की बाजार में उनकी कंपनी के एक बोतल दवा की कीमत 1300 रुपये है। जबकि उनकी कंपनी के नाम से नकली कीटनाशक दवा कम लागत में तैयार कर किसानों को धोखे में रखकर बेची जा रही है। जिससे कंपनी को नुकसान होने के साथ ही किसान भी ठगे जा र हे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि छापामारी के दौरान घर से सभी आरोपी फरार हो गए हैं। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद और भी कई राज खुलने की उम्मीद है। आरोपित के संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है। पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

## मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में छापामारी विभिन्न वार्डों की ली गयी तलाशी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर रविवार की रात 8 से 10 बजे तक मेदिनीनगर के केंद्रीय कारागार में छापामारी की गई। जिसमें कार्यपालक दंडाधिकारी सेवाराम साहू, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, सदर सीओ अमरदीप सिंह, चैनपुर बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, व कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद आदि थे। इस दौरान विभिन्न वाडों की तलाशी ली गई।**

## प्रेम प्रसंग में पिता ने ही की थी बेटी की हत्या, 6 गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रेम प्रसंग में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की हत्या कर लिए जाने के मामला का खुलासा करते हुए पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मथुरा सिंह (पिता), जितेंद्र सिंह (भाई), संजय सिंह, हरेंद्र सिंह, सिविल सर्जन सिंह और रामचंद्र सिंह के रूप में हुई है। इसकी जानकारी एसपी रिष्मा रमेशन ने दी। वे सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि विगत चार मार्च को चैनपुर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय पम्मी कुमारी की हत्या कर दी गई थी। आरोपितों ने सलतुआ गांव स्थित सेवरी नदी के किनारे एक गड्ढे में शव को दफना दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने टांगी से सिर पर वार कर दिया था, जिस कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल टांगी, मोजा और ब्लाउज भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में उद्भेदन किया गया।

## विश्रामपुर में बिछ रहा पक्की सड़कों का जाल: रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही स्वाददाता



**मेदिनीनगर।** पूर्वमंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के सात गांवों में सड़क कालीकरण निर्माण योजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेस तिवारी और नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का असली पैमाना सड़क ही होती है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को पूर्ण विकसित करने के उद्देश्य से यहां सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। क्षेत्र के सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराया जा रहा है। हमारे राजनीतिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य विकास के मामले में विश्रामपुर विस क्षेत्र को प्रदेश में पहले स्थान पर लाना है। कहा कि चुनाव आने वाला है। कई मौसमी नेता आपको बरगलाने आयेंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। क्षेत्र का विकास हमने किया है और आगे भी हम ही करेंगे। बस आमजन अपना आशीर्वाद हम पर बनाए रखे। वहीं, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे ने विधायक को विकास पुरुष की संज्ञा दी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, संतोष राम, राधा कृष्ण साव,संजय चंद्रवंशी, ब्रह्मानंद चौबे, परमानंद चौबे, विनय चौबे, शिवबंश मिश्रा, पूर्व मुखिया सेठ चौबे, धर्मेंद्र कुमार, संजय तिवारी, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, सुनील चौधरी, चंद्र प्रकाश चौबे, उदेश्वर यादव, मनोज मिश्रा, किरण देवी, अर्चना देवी आदि मौजूद थे।

### इन सड़कों का हुआ शिलान्यास

विश्रामपुर नप में भालुवानी खुर्द से पचघरा खुर्द तक पथ निर्माण, सोरडीहा से हरहेपा तक पथ निर्माण व गोदरमा से पांडेयपुर तक पथ निर्माण। वहीं विश्रामपुर प्रखंड में पीडब्ल्यूडी रोड से केतात खुर्द तक, पीडब्ल्यूडी रोड से बसना तक, जबकि नावा बाजार प्रखंड में पीडब्ल्यूडी रोड से खमडीहा तक पथ निर्माण और बाना से ताली तक पथ निर्माण कार्य योजना शामिल हैं।

## जिंदगी की जंग को झेलें नहीं, बल्कि खेल की तरह खेलें: आयरनमैन प्रवीण

**शौर्यचक्र विजेता आयरनमैन प्रवीण ने संत मरियम स्कूल के बच्चों में भरा जोश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम छात्रावास परिसर में शौर्यचक्र विजेता आयरनमैन कहे जाने वाले प्रवीण तेवतिया ने विद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों से मुलाकात की। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शौर्यचक्र से सम्मानित प्रवीण तेवतिया को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, प्रवीण तेवतिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के रहस्यमई घटनाओं से अवगत कराया। कहा कि जीवन जंग है इसे झेलने से बेहतर है कि इसे खेलने का प्रयास किया जाए। इस खेल में सफलता और असफलता पर ध्यान केंद्रित न करें। आप सिर्फ खेलते रहे, निश्चित रूप से सफल होंगे। गौरतलब हो कि प्रवीण तेवतिया सेना के जवान हैं। 2008 में हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए चार गोलियां खाई थी, जिसमें से एक उनके फेफड़े में भी लगी थी। इसके बावजूद उन्होंने आतंकियों को ढेर कर दिया था। जब जिंदगी की जंग जीत कर वापस लौटे और लगातार चार साल तक योग किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि दक्षिण अफ्रीका की ओर से आयोजित मैराथन में 17 घंटे में 42.5 किलोमीटर का मैराथन दौड़, 180 किमी साइकलिंग, 3.8 किमी तैराकी को 14 घंटे 20 मिनट में पूरी कर आयरनमैन का खिताब जीता। वहीं, अविनाश देव ने आयरनमैन प्रवीण तेवतिया व उनके साथ आएं रासबिहारी तिवारी, प्रभारी पतंजलि योग समिति झारखंड, ममता सिन्हा, अनुप्रिया जी, योग शिक्षक मीना दीदी का आभार जताया। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव आदि थे।

## कलश यात्रा में शामिल हुई मुखिया अनिता कुमारी

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत पंचायत कलापहाड़ ग्राम गोठा में देवी मंदिर में प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलस यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में मुखिया अनिता कुमारी, युवा समाजसेवी प्रमोद कुमार यादव, बिरजू यादव शंभु यादव भी शामिल हुए। सभी कररबार नदी से जल उठाकर मंदिर पहुंचे।

## दादी गुलजार का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा : बीके नीलम

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में दादी गुलजार की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्द्भावना भवन में सोमवार को दादी गुलजार की तृतीय पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस असर पर राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने बताया कि पहले दादी पूरे विश्व के ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका थी। उनका जन्म एक जुलाई 1929 में सिंध के हैदराबाद में शोभा के रूप में हुआ था। 1936 में वह ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी और देखते ही देखते भगवान की रथ बन गई। गुलजार दादी का जीवन कितना पाक साफ था कि महज 8 वर्ष की उम्र में ही उन्हें दिव्यलोक का साक्षात्कार होने लगा। 96 वर्ष की उम्र में वह भगवान शिव की पार्वती बनकर तैयार हो गई। उन्हें परमात्मा का विशेष वरदान प्राप्त था। दादी जी का जीवन अंकों के लिए प्रेरणा श्रोत बनी। इस मौके पर बीके कृष्णा, बीके मनोज भगत, बीके धीरज, आनंद किशोर, कुसुम माता, राजेंद्र दास, आनंद किशोर आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महुअरि में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के महुअरी गांव में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसके साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महुअरी पंचायत के डिहरी, विश्रामपुर, सोनबरसा, झरहा, दुलहर, चिरैयाखाड़, टिकरपर, झुरहा, मिरहियाडीह और बसारी गांवों से आयीं 551 महिला श्रद्धालु शामिल हुईं। इनके अलावा भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह, पंसस बद्रीनारायण सिंह, अजय सिंह, लालधन ठाकुर, मुखिया आत्मेश कुमार सिंह भाजपा नेत्री तृप्ति सिंह, सत्यनारायण सिंह, मिथिलेश सिंह, संतोष सिंह समेत कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। कलश यात्रा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी पहुंचा। जहां पूर्व यज्ञाचार्य चंद्रकांत तिवारी ने मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की प्रकिया पूरी की। इसके बाद पुनः यज्ञ मंडप पहुंच कर कलश स्थापित किया गया। महायज्ञ के अनुष्ठान शुरू होते ही महुअरी पंचायत समेत आसपास के गांवों का माहौल भक्ति मय हो गया। आयोजन समिति के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय महायज्ञ में प्रत्येक दिन प्रवचन होगा। 14 मार्च को पूर्णाहूति के बाद भंडारा होगा। मौके पर परशुराम तिवारी, श्री बैठा भोला सिंह, सुरेंद्र सिंह, यमुना प्रसाद सिंह, विनय सिंह, दिनेश सिंह, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, लक्ष्मण सिंह, अशोक सिंह, गोरख, जैकी, गोलू, रिषु आदि उपस्थित थे।

### एकडरी मध्य विद्यालय को मिला उत्कृष्ट पुरस्कार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत वितीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हुसैनाबाद प्रखंड के एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय को चयनित किया गया है। विद्यालय के दो शिक्षक पूनम व मोहम्मद असलम को मेदिनीनगर के आइएमए भवन में पलामू सीएस द्वारा उत्कृष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, उपेंद्र, लक्ष्मी, अध्यक्ष आरती देवी, संयोजिका ललिता कुमारी, मुखिया नरेश पासवान, बाल संसद के प्रधानमंत्री प्रिति कुमारी, अनुज कुमार,अंकित कुमार व अंकुश आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### लंगर कोट गांव में 50 हजार नगद व मोबाइल चोरी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लंगरकोट गांव निवासी अवध बिहारी सिंह के घर से रविवार की रात चोरों ने 50 हजार रुपए नगद और मोबाइल फोन चोरी कर ली। इस बाबत अवध बिहारी सिंह ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। जिसमें बताया कि पुराने घर को तोड़कर नए मकान का निर्माण कार्य हो रहा था। इसके लिए घर में नगद 50 हजार रुपये एक कमरा में रखे। सोमवार की सुबह जब नींद खुली तो घर के रखे कई सामान बिखरे पड़े थे। चोरों ने नगद व मोबाइल फोन और त्रिपाल भी साथ ले गए। उधर, भुक्तभोगी की शिकायत पर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी संगठन का प्रखंड स्तरीय गठन 13 को

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए गठित महिला ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी संगठन के हरिहरगंज में प्रखंड स्तरीय मंडल का गठन 13 मार्च को होगा। उक्त जानकारी ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष आशा कुमारी ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर बेलौदार मोड़ के समीप पंचायत सचिवालय में बुधवार को बैठक होगी। जिसमें महिला मंडल का गठन किया जाएगा। कहा कि भारतीय संविधान के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के महिलाओं को भी बराबरी का हक प्रदान किया गया है। हमें अपने समाज के ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों को सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रखण्ड स्तरीय महिला मंडल की गठन की जाएगी। ताकि वे खुले मन से अपने हक और अधिकार की बाते प्रशासनिक और अन्य लोगों के समक्ष रख सकें।

### डंडीला खुर्द में डे-नाइट बॉलीबॉल टूर्नामेंट 15 से

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में 15 मार्च से जिला स्तरीय डे-नाईट बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन डंडीला खुर्द स्पोर्ट्स क्लब की ओर से किया गया है। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी प्रो नंदलाल शुक्ला ने बताया कि तैयारी जोरों पर है। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला करेंगे।

### हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ महावीर मोड जुरू स्थित हनुमान मंदिर में मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली। पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह ने कलश यात्रियों को कलश देकर रवाना किया। कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ नगर का भ्रमण करते हुए मलय नदी तट पहुंचा। जहां पंडित जयेंद्र मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कलश में जलभराई कर वापस मंदिर परिसर में कलश स्थापित की गई। यज्ञ कमेटी के मुख्य संरक्षक अनूप कुमार जायसवाल ने बताया कि यह यज्ञ तीन दिवसीय है जिसमें संध्या में बाहर से आए हुए विद्वानों द्वारा प्रवचन के साथ-13 मार्च को भंडारा के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान शंखनाथ सिंह एवं उनकी पत्नी सहित, राधे यादव, पूणार्डीह मुखिया गुड्डी देवी, उप मुखिया वरूण जायसवाल, मनोज सिंह चेरो, गुड्डू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, विनोद तिवारी, अशोक मिश्रा, नेपाली ठाकुर, पप्पू कुमार गुप्ता, सर्वेश्वर सिंह, अनत सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



पटियाला के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर में चल रहे नेशनल विमेंस रेसलिंग ट्रायल्स के दौरान स्टार पहलवान विनस फोगाट ने करीब तीन घंटे तक महिलाओं की ट्रायल शुरू नहीं होने दी

## आइपीएल खेल सकते हैं ऋषभ पंत: जय शाह

**विकेटकीपिंग की तो वर्ल्ड कप टीम में भी मिल सकता है मौका**

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए हैं। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत और केएल राहुल के भारतीय लीग से मैदान पर वापसी की बात कही। साथ ही मोहम्मद शमी के टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की जानकारी दी। शाह ने आइपीएल में विदेशी निवेश की सूचनाओं को भी खारिज किया। वे सोमवार को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। पंत साल 2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जबकि मोहम्मद शमी की चोट वनडे वर्ल्ड कप और केएल राहुल की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उभरी। दोनों रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। 'वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वे अच्छी कीपिंग भी कर रहे हैं। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वे टी-20 वर्ल्ड कप खेल सकें तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वहीं, शाह ने बताया कि शमी सितंबर महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 टेस्ट और 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों की होम सीरीज से वापसी कर सकते हैं। 'शमी की सर्जरी हो गई है, वे भारत आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ शमी की वापसी की संभावना है।

ओलिंपिक से पहले 53 किलो में दोबारा ट्रायल की मांग थी, अब 2 कैटेगरी में लड़ रहीं

## विनेश फोगाट ने तीन घंटे रोके कुश्ती के दो ट्रायल



**पटियाला (एजेंसी)।** पटियाला के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर में चल रहे नेशनल विमेंस रेसलिंग ट्रायल्स के दौरान करीब तीन घंटे तक ड्रामा चला। यहां स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने करीब तीन घंटे तक महिलाओं की 50 और 53 किलोग्राम वेट कैटेगरी के ट्रायल शुरू नहीं होने दिए। विनेश के इन दोनों वेट कैटेगरी में हिस्सा लेने पर सहमति बनने के बाद दोपहर 1.30 बजे ट्रायल्स शुरू हो सके। विनेश अधिकारियों से 53 किलोग्राम वेट कैटेगरी के आखिरी ट्रायल ओलिंपिक से ठीक पहले दोबारा कराने का लिखित आश्वासन या फिर दोनों वेट कैटेगरी में लड़ने की इजाजत देने की मांग कर रही थीं। दोबारा ट्रायल कराने के पीछे विनेश का कहना था कि अगर डब्ल्यूएफआइ के हाथ में फिर कमान आ गई, तो चयन नीति बदल सकती है। बाद में एडहॉक बॉडी ने उन्हें दोनों कैटेगरी में लड़ने की इजाजत दे दी। आइओए द्वारा गठित एडहॉक बॉडी पहले ही कह चुकी है कि 53 किलो वर्ग के लिए अंतिम ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष 4 पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### विनेश फोगाट को डर है कि डब्ल्यूएफआइ उनकी जगह अंतिम पंघाल को भेज देगा

**पटियाला में मौजूद एक कोच ने मीडिया को बताया कि विनेश सरकार से आश्वासन चाहती थीं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर डब्ल्यूएफआइ के हाथ में फिर कमान आ गई, तो चयन नीति बदल सकती है और 53 किलो से पहले कोटा हासिल कर चुकी अंतिम पंघाल को भेजा जा सकता है, पर सरकार दखल नहीं दे सकती। बतातें चलें कि डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुआई करने वाली विनेश दो वेट कैटेगरी (50 और 53 किलो) में हिस्सा ले रही हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक पहलवान किसी पूरे टूर्नामेंट में एक साथ दो वेट कैटेगरी में हिस्सा ले रहा है। आमतौर पर ट्रायल में पहलवान एक वेट कैटेगरी में हारने के बाद दूसरी वेट कैटेगरी की कुश्ती लड़ लेता था।**

## हजारीबाग नियोजन कार्यालय में तालाबंदी के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता हुए रवाना



**बोकारो(आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के निदेर्शानुसार जैनामोड बोकारो से युवा मोर्चा के अध्यक्ष विनोद महतो के अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ता हजारीबाग में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन सह नियोजन कार्यालय में ताला बंदी करने के लिए रवाना हुए। ज़िला के अध्यक्ष जयदेव राय ने हरि झंडी दिखा कर कार्यकर्ताओं को रवाना किया। मौके पर जरीडीह मण्डल के अध्यक्ष मनोज ठाकुर युवा मोर्चा के ज़िला महामंत्री कुलदीप मह्था, ज़िला मंत्री मनोज पांडेय,बोकारो नगर के अध्यक्ष विशाल गौतम,फुसरो नगर अध्यक्ष सुमित सिंह,पिंडराजोरा मण्डल अध्यक्ष हीरालाल मंडल,मुखिया स्वरूप दास चन्द्रपुरा मण्डल के अध्यक्ष कृष्णा पांडेय, प्रशांत सिंह, निर्भय कुमार, दीपू दोसंधी, सुभम्‍ कुमार, सुभम्‍ सिंह,अतुल सिंह,देव त्रिपाठी, दयानंद त्रिपाठी,शंकर त्रिपाठी, विशाल कुमार, मोहित सिंह एवं सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने विद्यालय में दो भवन का शिलान्यास किया



**गिरिडीह(आजाद सिपाही)।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को कोडरमा लोकसभा की सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री,भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी ने विद्यालय में दो भवन का शिलान्यास किया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने माननीय शिक्षा राज्य मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास जारी है। विद्या भारती के विद्यालयों में बच्चों के चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत एवं अत्याधुनिक जानकारी के साथ शिक्षा दी जाती है। यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे राष्ट्रभक्ति के साथ-साथ जिम्मेवार इंसान बनते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर उन्होंने अपनी बातों को रखा।धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा एवं मंच संचालन अजीत मिश्रा ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव,समिति उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा,नगर संघचालक विजय जैन,संतोष गुप्ता,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेश बरनवाल, काफी संख्या में नगर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन




**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष सोमवार को प्रखंड प्रमुख संगीता महतो के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया। संगीता महतो ने बताया कि हम लोग का दस सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त धनबाद को दी गई है,इसका अभी तक कोई निदान नहीं हो पाई है सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुक का हटा कर अयोग्य लाभुक का नाम डालना जिसकी जांच के लिए हम लोगों ने आवेदन दिया है परंतु इसकी जांच अभी तक नहीं की गई है,प्रमुख ने कहा कि प्रखंड के 8 साल हो जाने के बाद भी अभी तक प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी के अलावा कोई भी अधिकारी पदस्थापित नहीं हुए हैं। प्रखंड के अधिकारी भी मनमानी कर रहे हैं किसी की बात नहीं सुनते हैं उन्होंने कहा कि आज हम लोग मजबूर होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर सभी पंचायत के पंचायत समिति मौजूद थे।

## चोरों ने दुकान से 90 हजार के बैग सहित अन्य सामान पर किया हाथ साफ




**महुदा (आजाद सिपाही)।** लालबंगला से बीती रात चोरों ने एक बैग की दुकान से ताला तोड़ बैग सहित अन्य सामानो पर से अपना हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताते चले कि महुदा थाना क्षेत्र स्थित बारकी निवासी फिरोज अंसारी ने महुदा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लालबंगला स्तिथ पुल के निकट दुकान है। बीती रात चोरों ने उसकी दुकान से लगभग 60 हजार रुपये की बैग व सिलाई मशीन, बैटरी, इन्वर्टर एवं पैसे का गल्ला सहित लगभग 90 हजार रुपए को चुरा कर अपने साथ ले गया। चोरी की घटना का सुबह उस समय उन्हें पता चला जब उनके बगल के दुकान संचालक ने अपनी दुकान खोल रहे थे तभी अचानक उनकी नजर बैग दुकान के टूटे ताले एवं बिखरे पड़े सामानो पर पड़ी, तब उन्होंने इसकी सूचना उन्हें दिया। चोरी की घटना से दुकान मालिक व उनके परिवार हतप्रभ हैं, बताया जाता हैं कि उक्त घटना से उनके परिवार के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गयी हैं, क्यूंकि इसी दुकान से उनके घर की आजीविका जुड़ा था, वहीं कुछ समय बाद ईद भी आने वाली हैं। ऐसे में दुकान में चोरी से उनके परिवार को काफी तंगी से गुजरना पड़ेगा।

# बहुजन समाज पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला कांग्रेस मुख्यालय हाउसिंग कॉलोनी में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस के नीतियों और सिद्धांतों को अपनाते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी से त्यागपत्र देकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सर्वप्रथम सदस्यता ग्रहण करने पर जिलाध्यक्ष ने, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी सहित उनके समर्थकों को माला पहनकर स्वागत किया। चंद्रवंशी एक सामाजिक और कुशल राजनीतिक कार्यकर्ता हैं आगे सिंह ने कहा भाजपा राम राज्य की परिकल्पना करती है, और विधायक ढुलू महतो बाघमारा में गरीबो की जमीन हड़पकर कर मंदिर बनाए हैं। मेंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सवाल किया है कि ढुलू महतो के रंगदारी और आंतक पर मुंह कब खोलेगें। धनबाद में लोकसभा चुनाव कांग्रेस जितेगी तो माफियागिरी पर लगाम लगाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करने वाले में सर्वश्रेष्ठ रशीद राजा अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी ,अक्षय कुमार प्रसाद नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, मृत्युंजय सिंह निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष, डीएन यादव जिला परिषद सदस्य, राजेश राम जिला परिषद , इरफान खान, सहित अन्य उपस्थित थें। पार्टी में शामिल होने वालो में मुख्य रूप से लालबाबू ठाकुर, चंद्र मोहन, अशोक आदि थे।


## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– आयोग के पूर्व सदस्य श्री सुनील फकीरा कच्छप एवं डॉ0 देवशरण भगत द्वारा स्थानीय जॉच कर एवं अंचल अधिकारी सिसई , गुमला द्वारा जाँच तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज वर्मा एवं जगदेव उराँव द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–16, 2. आवेदक–ननकेश्वर बड़ाईक , पिता–जगदेव बड़ाईक<br>3. ग्राम–नगर भण्डार टोली , पोस्ट–नगर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–135, 2. आवेदक–जितबहान कुमार साहु , पिता–मनीनाथ साहु<br>3. ग्राम–डाडहा , पोस्ट–सकरौली , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगूठा में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–2एन/140, 2. आवेदक–बैरागी उराँव , पिता–स्व0 लक्ष्मण उराँव<br>3. ग्राम–मेरेग बिरा , पोस्ट–नगर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबैर अंसारी , मनोज वर्मा एवं मो0 सहदुल मंसुरी द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–108/24, 2. आवेदक–नारायण गोप , पिता–करमा पाल गोप<br>3. ग्राम–नागर , पोस्ट–नागर , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–109/24, 2. आवेदक–मकीन अंसारी , पिता–स्व0 रमजान अंसारी<br>3. ग्राम–करकरी , पोस्ट–करकरी , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–110/24, 2. आवेदक–मो0 समसामुल हक , पिता–स्व0 एमामुल हक<br>3. ग्राम–सिसई , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–111/24, 2. आवेदक–इरकन लकड़ा , पिता–स्व0 खिस्तोचित लकड़ा<br>3. ग्राम–सकरौली कुम्बा टोली , पोस्ट–सकरौली , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–112/24, 2. आवेदक–अशोक कुमार वर्मा , पिता–विष्णु राम वर्मा<br>3. ग्राम–जिन्दा , पोस्ट–बरगाँव , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–113/24, 2. आवेदक–हरि कृष्णा गोप , पिता–पुरन गोप<br>3. ग्राम–पानीलता , पोस्ट–भुरसो , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा में माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–114/24, 2. आवेदक–विजय साहु , पिता–महली साहु<br>3. ग्राम–चैगरी , पोस्ट–भुरसो , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–115/24, 2. आवेदक–मुमताज अली अंसारी, पिता–स्व0 साबिर अली अंसारी<br>3. ग्राम–करकरी , पोस्ट–करकरी , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–116/24, 2. आवेदक–जेरकु उराँव , पिता–स्व0 रोपना उराँव<br>3. ग्राम–रेड़वा कुचाई टोली , पोस्ट–मुर्गू , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आँख में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–117/24, 2. आवेदक–सुरज कुमार सिंह, पिता–स्व0 भानु प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–भुरसो , पोस्ट–भुरसो , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–118/24, 2. आवेदक–उर्मिला मिंज , पति–इरकन लकड़ा<br>3. ग्राम–सकरौली कुम्णा टोली , पोस्ट–सकरौली , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–119/24, 2. आवेदक–बुधराम उराँव , पिता–स्व0 अधनु उराँव<br>3. ग्राम–रेड़वा कुचाई टोली , पोस्ट–मुर्गू , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथा में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–120/24, 2. आवेदक–जितनाथ उराँव , पिता–स्व0 घसीया उराँव<br>3. ग्राम–रेड़वा कुचाई टोली , पोस्ट–मुर्गू , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–121/24, 2. आवेदक–रफीक अंसारी , पिता–मुस्ताक अंसारी<br>3. ग्राम–सुरसा , पोस्ट–अरको , थाना–पुसो , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–छोटी अंगूली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–122/24, 2. आवेदक–अमर कुमार साहु , पिता–जयकरन साहु<br>3. ग्राम–लरंगो , पोस्ट–लरंगो , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–123/24, 2. आवेदक–भूपन साहु , पिता–स्व0 साधु साहु<br>3. ग्राम–धनगाँव पाण्डा टोली , पोस्ट–करौन्दा , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–124/24, 2. आवेदक–भुखला लोहरा , पिता–फगुवा लोहरा<br>3. ग्राम–अम्बोवा , पोस्ट–दनिया , थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–125/24, 2. आवेदक–पदमुनी देवी , पति–शंकर मांझी<br>3. ग्राम–भरनो बड़ाईक टोला , पोस्ट–भरनो , थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला ,आयु–45 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जला हुआ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बेरनार्ड टोप्पो, मनोज वर्मा एवं अजीत कुमार विश्वकर्मा द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–134/24, 2. आवेदक–फ्रांसिस जेवियर बड़ा, पिता–स्व0 सिमोन बड़ा<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर कटा। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–135/24, 2. आवेदक–जेम्स कुजूर, पिता–स्व0 अद्रियानुस कुजूर<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटने पर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–136/24, 2. आवेदक–कमल खलखो, पिता–स्व0 जेरोम खलखो<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–137/24, 2. आवेदक–संतोष भगत, पिता–स्व0 कान्दू भगत<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–138/24, 2. आवेदक–पुष्पा टोप्पो , पति–स्व0 प्रमोद खलखो<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला ,आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–139/24, 2. आवेदक–नीलिमा अभय टोप्पो, पति–फ्रांसिस जेवियर बड़ा<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–140/24, 2. आवेदक–रजनी किरण तिर्की, पति–स्व0 नीलम बेक<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–141/24, 2. आवेदक–ललिता तारा तिग्गा ,पति–स्व0 ललित पिंगल टोप्पो<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–142/24, 2. आवेदक–प्रभा टोप्पो, पति–हेलारियुस बाड़ा<br>3. ग्राम–हर्रा कसीरा , पोस्ट–हर्रा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–143/24, 2. आवेदक–विश्वनाथ उराँव , पिता–स्व0 कहरू उराँव<br>3. ग्राम–जैरागी , पोस्ट–कुरूमगढ़ , थाना–कुरूमगढ़ , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–144/24, 2. आवेदक–प्लासिदियुस टोप्पो,पिता–स्व0 फिलमोन टोप्पो<br>3. ग्राम–हर्रा कसीरा , पोस्ट–हर्रा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–145/24, 2. आवेदक–इसदोर बाड़ा , पिता–स्व0 हेलारियुस बाड़ा<br>3. ग्राम–हर्रा कसीरा , पोस्ट–हर्रा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–146/24, 2. आवेदक–जेम्स कुजूर , पिता–स्व0 इसाक कुजूर<br>3. ग्राम–चित्तरपुर , पोस्ट–टोंगो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–147/24, 2. आवेदक–नरेश तिग्गा , पिता–स्व0 सिमोन तिग्गा<br>3. ग्राम–चित्तरपुर , पोस्ट–टोंगो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–148/24, 2. आवेदक–अनिल बड़ा , पिता–स्व0 पुलिकारप बड़ा<br>3. ग्राम–टोंगो जौनपुर , पोस्ट–टोंगो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–149/24, 2. आवेदक–जुनास तिग्गा , पिता–स्व0 इमिल तिग्गा<br>3. ग्राम–छिछुवानी , पोस्ट–कटकाही, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–150/24, 2. आवेदक–प्लासीदास तिग्गा , पिता–स्व0 लुकस तिग्गा<br>3. ग्राम–छिछुवानी , पोस्ट–कटकाही, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–151/24, 2. आवेदक–सुशील एक्का , पिता–स्व0 अलबर्ट एक्का<br>3. ग्राम–छिछुवानी , पोस्ट–कटकाही, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–152/24, 2. आवेदक–अनिता लकड़ा , पति–प्रकाश लकड़ा<br>3. ग्राम–छिछुवानी , पोस्ट–कटकाही, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–153/24, 2. आवेदक–सुभानी कुमारी ,पति–विश्वनाथ उराँव<br>3. ग्राम–फसिया नदी टोली , पोस्ट–फसिया , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–154/24, 2. आवेदक–बसन्त गोप , पिता–स्व0 देवमैन गोप<br>3. ग्राम–तरी डीपा टोली , पोस्ट–करौन्दी , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–190/24, 2. आवेदक–किशोर तिग्गा , पिता–स्व0 विलयम तिग्गा<br>3. ग्राम–सिरसी जाम टोली , पोस्ट–पुटरूँगी, थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–191/24, 2. आवेदक–सेबेस्तियन एक्का , पिता–स्व0 याकुब इक्का<br>3. ग्राम–सिरसी जाम टोली , पोस्ट–पुटरूँगी , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–192/24, 2. आवेदक–आशा अनिता तिर्की, पति–स्व0 एडवर्ड तिर्की<br>3. ग्राम–बरटोली , पोस्ट–खेतली , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी खोरस केरकेट्टा एवं सहदुल मंसुरी के द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–155/24, 2. आवेदक–करमा उराँव , पिता–एतवा उराँव<br>3. ग्राम–रेड़वा कुचाई टोली , पोस्ट–मुरगू, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–156/24, 2. आवेदक–कोमा उराँव , पिता–राम उराँव<br>3. ग्राम–मंगलो , पोस्ट–छरदा , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–157/24, 2. आवेदक–जगरनाथ उराँव , पिता–स्व0 चमरा उराँव<br>3. ग्राम–पंडरिया , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–158/24, 2. आवेदक–कलेश्वर उराँव , पिता–बिठु उराँव<br>3. ग्राम–आंजन सेमरडीह , पोस्ट–आंजन , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–159/24, 2. आवेदक–महावीर उराँव , पिता–कुन्दरी उराँव<br>3. ग्राम–करौन्दी , पोस्ट–गुमला , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–160/24, 2. आवेदक–सबिता देवी , पति–सुदान कुमार राम<br>3. ग्राम–खड़िया पाड़ा , पोस्ट–गुमला , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–161/24, 2. आवेदक–छनद मुण्डा , पिता–दुतिया मुण्डा<br>3. ग्राम–पारसीमा , पोस्ट–करिदा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घुटने के नीचे दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–162/24, 2. आवेदक–लक्ष्मण मुण्डा , पिता–रोमन मुण्डा<br>3. ग्राम–पारसीमा , पोस्ट–करिदा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के नीचे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–163/24, 2. आवेदक–भुनू राम , पिता–झगडू राम<br>3. ग्राम–सिप्रिंगा , पोस्ट–बेलटोली , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–164/24, 2. आवेदक–जुबेल टोप्पो , पिता–स्व0 स्तानिसलास टोप्पो<br>3. ग्राम–सिप्रिंगा , पोस्ट–करीदा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–165/24, 2. आवेदक–बोला उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–तुंजटोली , पोस्ट–करीदा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–166/24, 2. आवेदक–निर्मल केरकेट्टा , पिता–फ्रांसिस केरकेट्टा<br>3. ग्राम–कसीर , पोस्ट–कसीर , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–167/24, 2. आवेदक–अनूप इनोसेंट लकड़ा, पिता–जुलिउस लकड़ा<br>3. ग्राम–कसीर , पोस्ट–कसीर , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में ठेहुना के पास जला निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–168/24, 2. आवेदक–सुषमा केरकेट्टा, पति–निर्मल केरकेट्टा<br>3. ग्राम–मरियम टोली, कसीर , पोस्ट–कसीर, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–169/24, 2. आवेदक–लछु उराँव , पिता–बहुरा उराँव<br>3. ग्राम–बनतरिया , पोस्ट–लुगटू , थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–170/24, 2. आवेदक–सुकरा खड़िया , पिता–लोहरा खड़िया<br>3. ग्राम–तुकई , पोस्ट–लुगटू , थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–171/24, 2. आवेदक–संजू कुजूर, पिता–स्व0 राबेल कुजूर<br>3. ग्राम–मंदिया टोली , पोस्ट–खेतली , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–172/24, 2. आवेदक–मरियम एक्का , पिता–बेनेडिक्ट एक्का<br>3. ग्राम–मंझगांव , पोस्ट–मंझगांव , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–173/24, 2. आवेदक–फुलमनी तिर्की , पति–महेन्द्र तिर्की<br>3. ग्राम–कतिंग , पोस्ट–टोंगो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनुपर<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर लुलहि पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | आवेदन क्र0–174/24,<br>2. आवेदक–शीतल समीर खलखो, पिता–स्व0 इम्मानुबेल खलखो<br>3. ग्राम–पुलुँग , पोस्ट–पुलुँग , थाना–जारी , प्रखण्ड–जारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 322067 Home(23-24)#D

# पीएम मोदी आज 85000 करोड़ से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

- खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का उद्‌घाटन किया जायेगा
- पुरी और विशाखापत्तनम के बीच वंदे भारत ट्रेन को विशाखापत्तनम से हरी झंडी दिखायी जायेगी
- खोरधा रोड मंडल में एक स्टेशन एक उत्पाद के 14 स्टॉलों का लोकार्पण
- भद्रक-निर्गुंडी रेलवे लाइन की तीसरी लाइन का लोकार्पण




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खोरधा रोड।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। परियोजनाओं में इंटरलॉकिंग प्रणाली का लोकार्पण, एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, समर्पित गुड्स कॉरिडोर, गति शक्ति, रेल कोच रेस्तरां आदि और वंदे भारत ट्रेनों तथा अन्य ट्रेनों को हरी झंडी दिखानाशामिल हैं।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, खोरधा रोड के कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया को जानकारी देते हुए मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा, खोरधा रोड ने विस्तार सेखोरधा रोड मंडल की रेल परियोजनाओं के बारे में बताया, जिनका 26 फरवरी को प्रधान मंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगके माध्यम से लोकार्पण/उद्‌घाटन किया जायेगा। इनमें खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) का उद्‌घाटन किया जायेगा। यह रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों की सेहत और कल्याण को बढ़ाने के लिए कम कीमतों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करायेगा। पीएमबीजेके काउंटर एक दिव्यांगजन अनुकूल काउंटर है। दक्षिणी ओडिशा के लोगों की प्रमुख मांग को पूरा करते हुए पुरी और विशाखापत्तनम के बीच वंदे भारत ट्रेन को विशाखापत्तनम से हरी झंडी दिखायी जायेगी। पुरी-विशाखापत्तनम वंदे भारत ट्रेन पुरी और विशाखापत्तनम के बीच खोरधा रोड, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड और विजयनगरम में रुकेगी। यह अपने रूप और डिजाइन सहित नवीनतम और आधुनिक सुविधाओं वाला उन्नत संस्करण है। खोरधा रोड मंडल के ग्यारह रेलवे स्टेशनों पर 14 एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल राष्ट्र को समर्पित किये जायेंगे। ये स्टेशन हैं पुरी, भुवनेश्वर, कटक, भद्रक, खोरधा रोड, बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, अंगुल और ढेंकनाल। रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और कमजोर वर्गों को बेहतर आजीविका प्रदान करने के लिए स्थापित किये गये हैं। 92.19 किलोमीटर लंबी भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन परियोजना राष्ट्र को समर्पित की जायेगी। यह क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन पर बाधा मुक्त ट्रेन संचालन प्रदान करेगा। कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया ब्रीफ के दौरान कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) और अमितेश आनंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक उपस्थित थे।

# वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना का पीएम लोकार्पण करेंगे : आनंद सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा मंगलवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से पूरे भारत में 764 स्थानों पर 85,000 करोड़ रुपये की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं (लगभग 6000 संख्या) के समर्पण/शिलान्यास के संबंध में मीडिया को जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने बताया कि संबलपुर मंडल में 15 स्टेशनों पर 19 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (संबलपुर स्टेशन में ओएसओपी के 3 स्टॉल, बलांगीर और टिटिलागढ़ स्टेशनों पर 2-2 स्टॉल और संबलपुर सिटी, हीराकुद, रेढाखोल, बरपाली, बरगढ़ रोड, खरियार रोड, मुनिगुड़ा, नरला रोड, केसिंगा, कांटाबांजी, बोइंडा और महासमुंद स्टेशनों पर एक-एक) और बागबाहरा स्टेशन पर एक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) का लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेगा। संबलपुर मंडल पर 5 स्थान अर्थात संबलपुर स्टेशन, बरगढ़ रोड स्टेशन, बलांगीर स्टेशन, केसिंगा स्टेशन और महासमुंद स्टेशन पर समारोह आयोजित होंगे। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना का उद्देश्य भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिये बाजार प्रदान करना और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिये अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करना है।

# 'एक बार फिर मोदी सरकार' का नारा दुहराते हुए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिये टिप्स




**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले। कार्यकर्ताओं की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान इन्होंने कार्यकर्ताओं को फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दुहराते हुए कई टिप्स दिये। कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को लगन से पार्टी हित के लिए काम करना है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के लिए काम करना है और पूरी मजबूती के साथ अबकी बार 400 पार करना है। इसके लिए कई बातों की जानकारी दी गयी। वहीं विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों को लेकर घर घर जाकर लोगों को बताना है। उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार का नारा भी लोगों को बताना है। वहीं धनवार प्रखंड क्षेत्र के अरगाली एवं भिंगोडीह शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे। धनवार प्रखंड क्षेत्र के चंदरखो के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह को इससे अवगत कराया। इसके बाद श्री सिंह ने तुरंत बिजली विभाग को अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करवा दिया। मौके पर अशोक राय, श्याम सिंह, सत्यव्रत पांडेय, छात्र संघ नेता रौशन सिंह, नकुल राय, निरंजन सिंह मौजूद थे।

# कटक जगतपुर से 3 बंदूक डीलर गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक जगतपुर इलाके से पुलिस ने 3 बंदूक डीलर को गिरफ्तार किया है। जगतपुर थाना पुलिस ने 4 बंदूकें और 12 गोलियां जब्त कीं। पुलिस ने उन्हें उस समय गिरफ्तार किया, जब वे एटीएम लूटने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपी बिहार के मुंगेर से बंदूकें लाते थे और यहां व्यापार करते थे। कटक पुलिस आगे की जांच के लिए मुंगेर जायेगी। उनके खिलाफ बहु सारे आपराधिक मामले हैं। कटक डीसीपी ने बताया कि आरोपी को रिमांड पर लिया जायेगा और उससे पूछताछ की जायेगी।

# 3.70 करोड़ की मनी लॉड्रिंग के मामले में दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक बैंक मैनेजर के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच इओडब्ल्यू ने पिपिली वीडियो ऑफिस में चक्रबात (फनी) खाते से 3 करोड़ 70 लाख हड़पने का खुलासा किया है। इओडब्ल्यू ने पिपिली डांडमुकुंदपुर में स्थित आइडीबीआइ बैंक के पूर्व मैनेजर सरोज कांत महापात्र और महिला सहयोगी एंजेल मिश्र को गिरफ्तार किया है। इस घटना में बैंक के सहायक अधिकारी तन्मय महारणा को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। बैंक से एंजेल के खाते में 3 करोड़ 70 लाख ट्रांसफर किये गये और जांच टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इओडब्ल्यू एसपी ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रिमांड पर लिया जायेगा।

# वन विभाग ने 10 करोड़ से अधिक कीमत के अफीम के पौधों को नष्ट किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिमिलिपाल अभयारण्य में एकड एकड़ में अफीम की खेती हो रही है। रविवार को मयूरभंज पुलिस और आबकारी विभाग ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। सूचना मुताबिक शिमिलिपाल अभयारण्य में अवैध रूप से जंगल की भीतर अफीम की खेती हो रहा है। सूचना पाकर वन विभाग ने अफीम के खेतों में पहुंच कर 10 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 5 लाख 25 हजार अफीम के पेड़ नष्ट की। करांजिया एसडीपीओ के नेतृत्व में यशीपुर पुलिस, आबकारी कर्मचारी और वन विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त छापेमारी कर बड़े पैमाने पर पेड़ों को नष्ट कर दिया।

# निकला संकल्प रथ, ओड़िशा के लोगों की राय लेगा

- 2024 के आम चुनाव के लिए 21 लोकसभा और 147 विधानसभा क्षेत्रों से जनता की राय ली जायेगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** तीसरी बार सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आसन में बैठाने के उद्देश्य से भाजपा ने देश भर में आम जनता की राय लेने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पिछले 2019 के आम चुनाव में बीजेपी द्वारा किये गये 235 चुनावी वादों में से मोदी सरकार ने 222 वादों को पूरा कर देश में एक इतिहास रच दिया है। आम लोगों के विकास के साथ-साथ मोदी सरकार 2047 तक भारत को विश्व गुरु देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी की गारंटी एक विकसित ओड़िशा और एक विकसित भारत है। आजादी के अमृत काल के शेष 25 वर्षों में मोदी जी भारत को विश्व दरबार में खड़ा करने के लक्ष्य के साथ लगातार काम कर रहे हैं। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आयेगी और सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करेगी। इसे लेकर आम जनता की राय लेने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय से ओडिशा के 21 संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत 147 विधानसभाओं के लिए 34 वीडियो वैन/प्रचार वाहन रवाना किये गये हैं।

पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति और कनक वर्धन सिंहदेव ने झंडा दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की है।

इन वाहनों में विधानसभा क्षेत्रों को फीडबैक बॉक्स और संकल्प पत्र भेजे गए हैं। यह प्रत्येक विधानसभा में दो से तीन दिनों में लगभग 30 बैठकों के माध्यम से आम जनता के विचारों को एकत्र करेगा। हर पंचायत और शहरी क्षेत्र से मोदी सरकार की ओर से 140 करोड़ लोगों की आशाओं, आकांक्षाओं और सपनों का एक ज्ञापन प्राप्त किया जायेगा और दिल्ली भेजा जायेगा। भाजपा इस राय को आगामी 2024 के आम चुनाव के लिए अपने संकल्प के रूप में अपनायेगी। अधिक से अधिक जनता उक्त प्रचार वाहन के पास पहुंचे और अपने नाम, पते और फोन नंबर के साथ अपनी सूचित राय दे, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा जायेगा।

श्री महांति और श्री सिंहदेव ने राज्य के लोगों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल देने और नरेंद्र मोदी ऐप पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रतिक्रिया भेजने की भी अपील की। इस उद्‌घाटन कार्यक्रम में राज्य संपादक सरोज कर, राज्य प्रवक्ता सज्जन शर्मा, दिलीप महांति, संकल्प पत्र समिति के सदस्य अध्यक्ष पूर्णचंद्र मलिक, ओबीसी मोर्चा के राज्य अध्यक्ष सुरथ बिस्वाल, राज्य वीडियो वैन समिति के समन्वयक और राज्य सहकारी प्रकोष्ठ के समन्वयक श्रीरंजन मंगराज, राज्य मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसका संचालन राज्य संकल्प पत्र समिति के प्रमुख और वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज हरिचंदन ने किया।

# आइआइटी भुवनेश्वर में उद्यमिता एवं ग्रामीण विकास सम्मेलन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर, आइआइटी रोपड़ तथा इआरडीसी के सहयोग से 11 और 12 मार्च को उद्यमिता और ग्रामीण विकास सम्मेलन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के रूप में आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपाद करमलकर के साथ-साथ राष्ट्रीय इआरडीसी प्रमुख, चेतन सहोरे; इजीगॉव और एंपावर पंचायत के संस्थापक, अमित शुक्ला; एनएसएस समन्वयक, आइआइटी भुवनेश्वर, प्रो सिवाया बाथुला और डॉ निधि गौतम प्रभाकर, राष्ट्रीय समन्वयक इआरडीसी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। उद्‌टान सत्र में 140 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्कूल प्रिंसिपल, कॉलेज प्रिंसिपल, ग्राम पंचायत प्रमुख और एनएसएस स्वयंसेवक शामिल थे।

अपने स्वागत भाषण में प्रो श्रीपाद करमलकर ने उल्लेख किया कि आर्थिक रूप से विकसित देशों में वयस्क आबादी का लगभग छठा हिस्सा किसी न किसी प्रकार की उद्यमशीलता गतिविधि में शामिल है। यह वहां की आम जनता के जोखिम लेने और नवाचार की संस्कृति की व्यापकता के कारण है। तदनुसार भारत में स्कूलों को सत्यनिष्ठता, खुले विचारों और सेवा जैसे सद्‌गुणों के साथ-साथ चरित्र निर्माण के साथ-साथ विद्यार्थियों में जोखिम लेने और नवाचार के गुण भी सिखाया चाहिए। इससे युवाओं को उद्यमिता को अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

झारखंड के राज्यपाल ने अपने संबोधन में देश में चलाये जा रहे विभिन्न विकासात्मक और विकासोन्मुख कार्यक्रमों पर जोर दिया और बताया कि किस प्रकार यह दुनिया के लिए अनुकरणीय बन गये हैं। उन्होंने उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के प्रति युवाओं और छात्रों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने राष्ट्र की समग्र प्रगति के लिए समावेशी विकास और ग्रामीण विकास के महत्व पर भी जोर दिया।

अपने मुख्य भाषण में चेतन सहोरे ने विकास प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अपनी जड़ों की ओर वापस जाने और संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता पर बात की। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल को अमित शुक्ला द्वारा लिखित 'एम्पावर पंचायत' नामक पुस्तक भेंट की गयी। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो सिवाया बाथुला ने दिया।

उद्‌घाटन सत्र के बाद उद्यमिता और ग्रामीण विकास पर एक कार्यशाला हुई, जिसमें चेतन सहोरे ने एनएसएस स्वयंसेवकों, स्कूल प्रिंसिपलों और कॉलेज प्रिंसिपलों के साथ उद्यमिता को बढ़ावा देने में चुनौतियों का समाधान किया और उद्यमिता-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए सार्थक रणनीति बनाने पर जोर दिया। उनके नेतृत्व में आयोजित सत्र में प्रतिभागियों ने अपने आस-पास महसूस होने वाली समस्याओं को सामने रखा। समस्या के समाधान को नये विचारों को सीखा और अंततः विचारों को एक व्यावसायिक योजना में बदलने की सीख ली। यह एक संक्षिप्त डेमो था कि उद्यमिता न केवल बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेगी बल्कि स्थानीय समस्याएं भी हल करेंगी और देश को विकसित करने और बदलने में मदद करेगी।

इस दौरान अमित शुक्ला ने गांव के पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बताया और ग्रामीण विकास के लिए समस्या-समाधान दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया। इस सम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत प्रमुखों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक करने और अपने गांवों को बदलने और विकसित करने के लिए भी किया गया था। सर ने स्थायी समितियां बना कर इसे दर्शाया और समितियां स्वयं गांव की नियमित समस्याओं का समाधान लेकर आयीं। इस दौरान प्रतिभागी यह महसूस और समझ सके कि समस्याओं का समाधान केवल धन पर निर्भर नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी कि कैसे सम्मेलन ने उन्हें राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में मदद की है। इस आयोजन को प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने संबंधित स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में सीखने और सुझावों को आगे बढ़ाने और लागू करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इआरडीसी 2024 का लक्ष्य ऐसी कार्रवाई योग्य योजनाएं बनाना है, जो स्थायी प्रभाव का वादा करती हैं। यह सम्मेलन प्रतिभागियों को सफल उद्यमियों और हितधारकों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए नेटवर्किंग के अवसर प्रदान कर रहा है, जो भविष्य की पहल के लिए सार्थक मंच तैयार कर रहा है। यह आयोजन जमीनी स्तर पर उद्यमिता के लिए सहायक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है, जो ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आइआइटी भुवनेश्वर के समर्पण को मजबूत करता है।










| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**